


हिन्दी दैनिक

# मरियम टाइम्स

RNI No-UPHIN/2015/63817

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 | अंक : 310 | लखनऊ, शनिवार 16 जनवरी 2021 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2/– रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### कृषि कानूनों को वापस लिए जाने तक कांग्रेस पीछे नहीं हटेगीः राहुल गांधी

एजेंसी
नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर सरकार पर फिर निशाना साधा और कहा कि इन तीनों कानूनों को वापस लिए जाने तक उनकी पार्टी पीछे नहीं हटेगी। उपराज्यपाल के निवास के निकट आयोजित कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल राहुल गांधी ने कहा, ''कुछ साल पहले केंद्र सरकार ने भूमि अधिग्रहण विधेयक के माध्यम से किसानों की जमीन छीनने का प्रयास किया था। कांग्रेस ने उसे रोका। भाजपा एक बार फिर किसानों पर आक्रमण कर रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''ये तीनों कानून किसानों की मदद करने के लिए नहीं हैं, बल्कि उन्हें खत्म करने के लिए हैं। सरकार कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना चाहती है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। सरकार को ये तीनों कानून वापस लेने होंगे। सरकार जब तक ये कानून वापस नहीं लेगी तब तक कांग्रेस पीछे नहीं हटने वाली है।

### भाजपा ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए जारी की उम्मीदवारों की सूची

एजेंसी
लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 12 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शुक्रवार को जारी की गई उम्मीदवारों की पहली सूची में पूर्व नौकरशाह अरविंद कुमार शर्मा का नाम भी शामिल है। विधान परिषद की 12 सीटों के लिए मतदान 28 फरवरी को होना है। गुजरात कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेकर बृहस्पतिवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। शर्मा ने विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा द्वारा शुक्रवार को उन्हें उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद कहा, भाजपा ने मुझे विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में प्रत्याशी घोषित किया है। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, (उत्तर प्रदेश के) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं। भाजपा द्वारा जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री डाक्टर दिनेश शर्मा और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य के भी नाम शामिल है। पहली सूची में शामिल कुल चार उम्मीदवारों में सिर्फ शर्मा ही नये चेहरे हैं। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा की मौजूदगी में शर्मा को भाजपा की सदस्यता दिलाई थी।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एनजीओ के एफसीआरए पंजीकरण को 31 मई तक बढ़ाया

एजेंसी
नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन कानून



(एफसीआरए) के तहत गैर सरकारी संगठनों को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्रों की वैधता इस साल 31 मई तक बढ़ा दी है। इसका फायदा ऐसे एनजीओ को होगा जिनके पंजीकरण की मान्यता 29 सितंबर 2020 और 31 मई 2021 के बीच खत्म हो रही है। एनजीओ को विदेशी रकम हासिल करने के लिए एफसीआरए के तहत पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इस फैसले से हजारों एनजीओ और अन्य संगठनों को फायदा होने की संभावना है, जिनके पंजीकरण की वैधता 29 सितंबर के बाद खत्म हो गयी थी। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि एफसीआरए और कानून की धारा 12 (छह) के तहत दिए जाने वाले प्रमाणपत्र की वैधता जारी किए जाने से पांच साल तक के लिए वैध होगी। पिछले साल इस कानून में संशोधन किया गया था और 29 सितंबर 2020 को इसे अधिसूचित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा, ''संशोधित कानून के अमल में आने और इस कानून की धारा 50 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार ने जनहित में 29 सितंबर 2020 और 31 मई 2021 के बीच वैधता खत्म हो रहे प्रमाणपत्रों की मान्यता 31 मई 2021 तक कायम रहेगी। संशोधित कानून के मुताबिक एफसीआरए के तहत किसी संगठन को पंजीकरण के लिए एनजीओ के पदाधिकारी का आधार नंबर देना अनिवार्य बनाया गया है। कानून में कई और बदलाव भी किए गए थे। एफसीआरए के तहत पंजीकृत एनजीओ को 2016–17 और 2018–19 के बीच 58,000 करोड़ रुपये से ज्यादा विदेशी चंदा मिला था। देश में करीब 22,400 एनजीओ हैं।

## कृषि कानूनों के खिलाफ धरने पर बैठे कांग्रेस सांसदों से मिले राहुल और प्रियंका गांधी



एजेंसी
नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को जंतर–मंतर पहुंचकर, पंजाब से पार्टी के उन सांसदों के साथ एकजुटता प्रकट की जो पिछले करीब 40 दिनों से कृषि कानूनों के विरोध में धरने पर बैठे हैं। पंजाब से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के लोकसभा सदस्य जसबीर गिल, गुरजीत औजला, रवनीत सिंह बिट्टू और कुछ अन्य नेता कृषि कानूनों के खिलाफ खुले आसमान के नीचे धरना दे रहे हैं। उनकी मांग तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की है। राहुल गांधी और प्रियंका कुछ देर तक पार्टी के इन सांसदों के साथ धरना स्थल बैठे और उनके साथ एकजुटता प्रकट की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, ''पंजाब और हरियाणा के किसान देश को भोजन दे रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी जमीन छीनना चाह रही है। वह अपने कुछ पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाना चाहती है।'' धरने पर बैठे इन कांग्रेस सांसदों ने समर्थन देने के लिए वहा पहुंचने पर राहुल और प्रियंका को धन्यवाद दिया और तीनों कानूनों को वापस लेने की मांग दोहराई।

## कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, 11 की मौतय पीएम मोदी ने जताया शोक

एजेंसी
धारवाड (कर्नाटक) ।कर्नाटक के धारवाड़ शहर के बाहरी इलाके में इटिगट्टी चौराहे के पास शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में नौ महिलाओं सहित 11 व्यक्तियों की मौत हो गयी। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। धारवाड़ (ग्रामीण) पुलिस अधीक्षक पी कृष्णकांत ने बताया कि इनमें से अधिकतर व्यक्ति दावनगेरे जिला मुख्यालय नगर के थे और वे गोवा जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ये व्यक्ति जिस मिनी–बस में यात्रा कर रहे थे, उसकी टक्कर एक टिपर ट्रक से हो गई। कृष्णकांत ने कहा, ''चालक सहित 11 व्यक्तियों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।'' पुलिस ने बताया कि घायलों में से कम से कम तीन की हालत गंभीर बतायी गई है।

## सेना दिवस अवसर पर पहली बार किया गया ड्रोन अभियानों का प्रदर्शन

एजेंसी
नयी दिल्ली। दिल्ली के करियप्पा मैदान में शुक्रवार को सैन्य दिवस परेड के दौरान भारतीय सेना के ड्रोनों ने 'कामिकाजी' हमलों और प्राथमिक उपचार आपूर्ति अभियानों का अभ्यास किया। कामिकाजी हमलों के दौरान दुश्मन के ठिकानों विशेषकर जहाजों में घुसकर आत्मघाती हमला किया जाता है। परेड में पहली बार ये ड्रोन पेश किये गए हैं। इसके अलावा इसमें उन्नत विमान रोधी हथियार प्रणाली 'शिल्का', ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली, पैदल सेना के युद्धक वाहन बीएमपी–2, टी–72 टैंक तथा एक साथ कई रॉकेट लांच करने वाली पिनाका प्रणाली का भी प्रदर्शन किया गया। थल सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने कार्यक्रम में वीरता पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान



किये। समारोह में वायुसेना प्रमुख आर के एस भदौरिया, नौसेना प्रमुख करमबीर सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने भी शिरकत की। साल 1949 में अंतिम ब्रिटिश कमांडर सर फ्रांसिस बुचर ने फील्ड मार्शल के एम करियप्पा को भारतीय सेना के पहले कमांडर–इन–चीफ के तौर पर मान्यता दी थी, जिसके बाद से हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है।

## शताब्दी रॉय ने तारापीठ विकास परिषद से दिया इस्तीफा

एजेंसी
पश्चिम बंगाल। विधानसभा के चुनाव में कुछ ही महीनों का समय शेष रह गया है। लेकिन जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं ममता बनर्जी की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं। लगातार तृणमूल से नाराज होकर बीजेपी में शामिल होने के नेताओं के सिलसिले के बीच ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका लगा है। बीरभूमि से सांसद और अभिनेत्री शताब्दी रॉय ने तारापीठ विकास परिषद से इस्तीफा दे दिया है। शताब्दी रॉय कल के बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा ये भी जा रहा है कि कल लो दिल्ली आ सकती हैं जहां बीजेपी में शामिल होने का फैसला लिया जा सकता है। शताब्दी रॉय अभिनेत्री हैं। पहली बार साल 2009 में तृणमूल कांग्रेस की ओर से बीरभूम से चुनाव जीतीं। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भी उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई। बीरभूम सांसद ने फेसबुक के जरिये नाराजगी जताते हुए बंगाली में एक पोस्ट लिखा, जिसमें कहा कि लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि मैं पार्टी के अलग–अलग मंचों पर क्यों नहीं नजर आ रही।

## भगवा पार्टी गरीब किसानों की कीमत पर मुट्ठी भर लोगों को लाभ पहुंचा रही– अखिलेश यादव

संवाददाता
लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को नए कृषि कानूनों को लेकर सत्तारूढ़



भाजपा पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भगवा पार्टी गरीब किसानों की कीमत पर मुट्ठी भर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिये काम कर रही है। सपा अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''भाजपा का यह कैसा फैसला है कि गरीब किसान खत्म हो जाएं और मुट्ठी भर लोग लाभान्वित हों। विधान परिषद चुनावों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उपस्थित अखिलेश पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी अहमद हसन और राजेंद्र चौधरी की जीत का भरोसा जताया। नए कृषि कानूनों की जरूरत पर सवाल उठाते हुए सपा प्रमुख ने कहा, किसानों के लिए काला कानून लाया गया, ऐसा कानून जिनसे कुछ लोगों को फायदा होगा लेकिन आम किसान को नहीं। इस कानून से बाजार का नियंत्रणकुछ लोगों के हाथों में चला जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नये कृषि कानूनों से किसानों की फसल और इसके उत्पादों पर नियंत्रण भी अन्य लोगों के हाथों में चला जायेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अखिलेश ने कहा कि राज्य में 2022काविधानसभा चुनाव बहुत अलग तरह का होगा। उन्होंने कहा कि उप्र के लोग विशेष रूप से गरीब किसान, छोटे व्यापारी, दुकानदार, युवा, महिलाएं सभी भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल के दौरान, किसान सहित समाज के सभी वर्गों के लोग दुखी हैं।

## किसान–सरकार के बीच नौवें दौर की वार्ता रही बेनतीजा, अपनी मांगों पर अड़े रहे किसान संगठन

एजेंसी
नयी दिल्ली। केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन 51 दिनों से जारी है। 40 किसान संगठनों की मांग है कि केंद्र सरकार नए कृषि कानूनों को वापस लें और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून बनाया जाए। इन्हीं तमाम मुद्दों को लेकर सरकार और किसानों के बीच नौवें दौर की वार्ता विज्ञान भवन में हुई। हालांकि, यह वार्ता बेनतीजा रही। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार–किसान वार्ता में सरकार का पक्ष रख रहे कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि किसान कह रहे हैं कि सरकार जिद्दी है लेकिन हमने तो किसानों की बातें मान ली हैं मगर किसान एक कदम भी आगे बढ़ने के लिए राजी नहीं हैं। वहीं, किसान संगठनों ने सरकार के प्रस्ताव को नकार दिया और अपनी मांगों के लेकर अड़े रहे। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार को तीनों कानूनों को वापस लेना चाहिए और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लिखित गारंटी देनी होगी।



## पीएम मोदी के करीबी पूर्व आईएएस एके शर्मा को भाजपा ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया

एजेंसी
नयी दिल्ली। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 12 विधान परिषद सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को प्रशासनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने वाले गुजरात काडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के रहने वाले शर्मा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी माना जाता है। वह बृहस्पतिवार को ही भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने आज शर्मा के नाम को हरी झंडी दी। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पार्टी ने उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। राज्य की 12 विधान परिषद सीटों के लिए 28 जनवरी को मतदान होना है और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 18 जनवरी है। जिन 12 सीटों पर चुनाव होने हैं उसके मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 30 जनवरी को पूरा हो रहा है। सेवानिवृत्त होने जा रहे विधान परिषद सदस्यों में स्वतंत्र देव सिंह, दिनेश शर्मा और लक्ष्मण आचार्य के अलावा विधान परिषद के सभापति रमेश यादव (समाजवादी पार्टी) प्रमुख हैं। अरविंद कुमार शर्मा वर्ष 2001 से 2020 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी सहयोगी अधिकारी के तौर पर काम कर चुके हैं। वह गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय तथा उसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में भी कार्यरत रहे हैं। उन्होंने समय से दो साल पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। सूत्रों के मुताबिक विधान परिषद के रूप में उनके चुनाव के बाद शर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।

## मध्य प्रदेश भाजपा की नई टीम का हुआ ऐलान, ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थकों को नहीं मिली जगह !

एजेंसी
भोपाल। मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष की इस नई टीम में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों को जगह न के बराबर ही मिली है। सिंधिया कोटे से महज सिर्फ एक को ही कार्यकारिणी में जगह दी गई है। हालांकि, टीम में महाकौशल को तवज्जो दी गई है। भाजपा की नई टीम में 7 मोर्चा अध्यक्ष. 12 नए उपाध्यक्ष, 12 मंत्री और कोषाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। मोर्चा अध्यक्षों की बात की जाए तो पार्टी ने महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाया है। अगर भाजपा की नई टीम की बात की जाए तो इस बार सिंधिया का दबदबा बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहा है। जबकि इस बार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबियों को प्रमुखता दी गई है। उपचुनाव के बाद शायद यह पहला मौका है जब सिंधिया समर्थकों को कुछ खास तवज्जों नहीं दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने बताया कि दल–बदल करने वालों को संगठन में स्थान देने से हमेशा ही परहेज किया जाता है और यही कारण है कि सिंधिया के समर्थकों को नई टीम में जगह नहीं मिली है। क्योंकि सिंधिया के समर्थक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। बता दें कि भाजपा की नई टीम का गठन 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर किया गया है। इस टीम में कोशिश की गई है कि क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों के बीच में संतुलन बना रहे। इसके साथ ही टीम में युवाओं को भी मौका दिया गया है।




## सम्पादकीय

# आक्रोश में गौण हुए आवश्यक मुद्दे

छोटे किसानों के जरूरी मुद्दे टिकरी से सिंघु तक वाटरप्रूफ तंबुओं में बैठे समर्थ किसानों के अडियल तेवरों के बीच गुम हो गए।

झपेंद च्तवजमेजरू उच्चतम न्यायालय ने नए कृषि कानूनों पर अमल को रोकने का बड़ा फैसला लिया, लेकिन किसान नेताओं ने उसे महत्व नहीं दिया। उन्होंने अदालत द्वारा गठित समिति को जिस तरह ठुकराया उससे यही लगता है कि किसान आंदोलन का वास्तविक लक्ष्य कृषक समस्याओं का समाधान नहीं। अन्यथा उनकी मांगों के आगे देश के 85–86 प्रतिशत छोटे एवं सीमांत किसानों की समस्याओं को खारिज न कर दिया जाता। स्मरण रहे कि किसी भी आध्थक गतिविधि के समान कृषि का भी आधारभूत आध्थक फार्मूला मांग और आपूघ्त का ही है। क्या कृषि आध्थक शक्तियों से महरूम होकर मात्र सरकारी क्रय मूल्य निर्धारण, खरीद व सब्सिडी की अस्वाभाविक सी नींव पर स्थिर खड़ी हो सकती है? सरकार भी कुल उपज का लगभग सात से नौ प्रतिशत तक ही खरीदती है और वह भी मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में। ऐसे में प्रश्न यही है कि शेष उपज कहां जा रही है? जाहिर है कि मंडी के आढ़तियों के पास। दूसरा कोई विकल्प ही नहीं है। नए कृषि कानूनों के माध्यम से जब कृषि उपज के खरीदार बढ़ेंगे तो आढ़तियों का एकाधिकार टूटेगा। किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। यानी किसानों का फायदा तय है। फिर आखिर किस बात के लिए इन नए कानूनों का विरोध किया जा रहा है। ऐसे में स्वाभाविक है कि जिन सीमांत किसानों का इससे फायदा होना है वे इस आंदोलन में भागीदार ही नहीं हैं। खेतिहर मजदूर भी साथ नहीं है। यह कुछ बड़े अभिजात्य किसानों की ही मुहिम बनकर रह गई है। अन्यथा क्या कारण है कि मजदूरी की न्यूनतम दर जैसे मुद्दों पर इसमें कोई बात क्यों नहीं हो रही।

विर्द्याथियों के लिए बड़े किसानों के इस आंदोलन की प्रक्रिया और उनके लक्ष्यों को समझने का यह एक अवसर भी है। वह यह कि किस प्रकार वर्गीय हित को समाजिक हित में परिभाषित करने का विमर्श चलाया जाता है। अभिजात्य वर्ग के अपने हित में ही उसे संचालित करते हैं। बड़े किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का जितना महत्व है उतना ही महत्वपूर्ण सीमांत गरीब किसान के लिए न्यूनतम मजदूरी की दर होती है। सीमांत किसान मजदूर भी होता है। उसके खेतों से खाने भर का काम चलता है। यह कृषक व मजदूर–कृषक का आधारभूत अंतर है। मंडियों से मजदूर–कृषक का खास मतलब नहीं है। सरकारी योजनाओं, मनरेगा को छोड़ दें तो क्या सरकारी रेट से तय मजदूरी उसे मिल पाती है? इसका जवाब है–नहीं। मजदूरी तो बाजार और मांग से तय होती है। भूमिहीन मजदूर गांवों से अक्सर पलायन कर जाते हैं। जो हैं भी वे मामूली खेती और मजबूरी में मजदूरी ही करते हैं। रोपाई–कटाई का प्रति बीघा रेट तो सरकार तय करती नहीं। उसके लिए नियमित मजदूरी, अक्सर कृषि की आय से अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। देश में औसत जोत 1.5 से 2 एकड़ है, अर्थात एक हेक्टेयर से काफी कम। उसके पास भला मंडी जाकर बेचने की गुंजाइश कहां है? पंजाब में जहां औसत जोत का आकार पांच–छह हेक्टेयर और हरियाणा में करीब तीन हेक्टेयर है वहां अधिशेष दिखता है। वहीं ये ट्रैक्टरों वाले जुलूस निकलते हैं। वहीं बड़े किसानों के बीच में आढ़ती, दलाल पलते हैं। पंजाब, हरियाणा में तो बहुतेरे किसान नेता हैं, लेकिन बिहार और पूर्वांचल में छोटे किसानों और मजदूरों का नेता है? नेतृत्व विहीनता भी छोटे किसानों का एक बड़ा संकट है। छोटे एवं सीमांत किसान जो खेती और मजदूरी के बीच झूलते हैं, उनकी बात टिकरी से सिंघु तक वाटरप्रूफ तंबुओं में बैठे समर्थ किसानों के तेवर में गुम हो गई है। जहां आदमी से ज्यादा ट्रैक्टर और बड़ी गाडियां आई हों, जहां सरकार को औकात बताने, कानून वापसी तक रोडब्लॉक रखने, दिल्ली दंगों के आरोपितों को छुड़ाने की बातें हों, वहां भला देश के 85–86 प्रतिशत मजदूर–कृषकों की परवाह किसे होगी? देश की जीडीपी में कृषि की भागीदारी 16 प्रतिशत है जबकि उस पर निर्भर आबादी करीब 58 प्रतिशत है। यानी आधे से अधिक व्यक्तियों का कुल योगदान मात्र 16 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट है कि अभिजात्य सुविधाभोगी कृषक वर्ग, समाधान के प्रति सजग न होकर शासकीय नीतियों को वर्गीय हितों की पूंति हेतु उपयोग करना चाहता है। वैसे भी हमारी अतिरिक्त उपज का निर्यात संभव नहीं, क्योंकि उनके दाम अंतरराष्ट्रीय कीमतों से करीब 17 प्रतिशत अधिक हैं।ऐसे में बड़ा प्रश्न यही है कि सीमांत कृषि को लाभप्रद कैसे बनाया जाए? इस समस्या का समाधान क्या है? मंडियों से मुक्ति व वैकल्पिक कृषि। इस दिशा में प्रस्थान प्रारंभ हो गया है। जैसे केले के खेत, मशरूमों के झोपड़े बहुत दिखने लगे हैं। जड़ी–बूटियों, बागवानी के प्रति रुझान बढ़ रहा है। इस दिशा में पहला कार्य तो गहन कृषि व कृषि विविधीकरण का है। जब तक गेहूं–धान का स्थायी क्रम तोड़कर फसल चक्र नहीं बदलेगा तब तक छोटे खेतों के लिए मशीनी तकनीकी के विकास का सक्रिय प्रयास नहीं होगा। हमें कृषकों की व्यावहारिक सहकारिता को भी मूर्त रूप देना होगा। इसके साथ ही जब तक कृषक कृषि के साथ अपने खेत पर मत्स्य–तालाब, पशुपालन, बागवानी, सब्जी की खेती को जोडने का मन नहीं बनाएगा, तब तक किसी सरकार के पास कृषि क्षेत्र की समस्या का समाधान नहीं होगा। हमारी ग्र्रामीण बस्तियों में बड़े पैमाने पर छिपी हुई बेरोजगारी होती है। इसका निदान वैकल्पिक खेती में ही निहित है। वह किसान से अपने खेत को ही अपना निवास बनाने की अपेक्षा करती है। क्या बस्ती के बीच आपके घर पर उपलब्ध सीमित स्थान में सब्जी लगाना, मुर्गी, बकरी और गाय पाल सकना संभव है? क्या वहां आप वृक्ष लगा सकते हैं? क्या वहां से अपनी खेती की 24 घंटे निगरानी कर सकते हैं? क्या वहां तालाब बनाकर मछली पालन सोच भी सकते हैं? बिल्कुल नहीं। यह सब आप तब कर सकते हैं जब आपका घर आपके खेत पर हो। खेत पर आवास होने से स्त्रियां भी कृषि कार्यों में बराबर भागीदारी कर सकेंगी जो गांव के बड़े मजरों में संभव नहीं है। अब यह परिवर्तन तो छोटे एवं सीमांत किसानों को ही लाना है। सरकार चाहे तो खेत में घर बनाने की योजना पर छूट–अनुदान का प्रबंध कर सकती है। अपने खेत पर घर बनाना एक गुणात्मक परिवर्तन होगा जिसमें छोटे किसानों का जीवन बदलने की क्षमता है। बड़े किसानों को भले ही अपने हितों के लिए राजनीति करनी हो, लेकिन सीमांत किसानों को अपने सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अपनी जिंदगी बदलनी है। हमें अवसरों की और नए विकल्पों की तलाश है। यही विकल्प हमें आत्मनिर्भरता को ओर ले जाते हैं।

# यूपी की प्रतिष्ठित एंकर डाक्टर अनीता सहगल वसुंधरा ने मंच संचालन के क्षेत्र में लहराया परचम

## दर्जनों अवार्ड से उन्हें किया गया सम्मानित

लखनऊ! सरकारी, गैर सरकारी ,सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच संचालन में जिस शख्सियत का नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है उसका नाम है डॉ अनीता सहगल वसुंधरा । डॉ अनीता सहगल ने अब तक यूपी के सैकड़ों सरकारी व गैर सरकारी , सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का मंच संचालन जिस सौंदर्य ता, वाकपटुता, शायराना अंदाज में कर दिखाया है, उसी के चलते उनको आज यूपी का बेस्ट एंकर कहा जाता है। महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री जी के तमाम कार्यक्रमों में जिस सौम्यता, शिष्टता व सुंदर शब्दों का समावेश कर उन्होंने मंच संचालन किया उसके लिए उन्हें अब तक दर्जनों अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

यही वजह है यूपी में मंच संचालन ,समाज सेवा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ अनीता सहगल एक जाना पहचाना नाम बन चुकी है । यह नाम उन्हें अपने परिश्रम, साहित्यिक ,सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यों में रुचि लेने के चलते अदब और तहजीब से युक्त एक–एक शब्द को माला में पिरो कर अपनी अभिव्यक्ति मंच संचालन के क्षेत्र में कार्य करने की शैली से उन्हें हासिल हुई है ।

डॉ अनीता सहगल ने उत्तर प्रदेश के तमाम महत्वपूर्ण कार्यक्रमों , परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में बड़ी बड़ी राजनीतिक शख्सियतों की मौजूदगी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है ,और यही वजह है कि आज उत्तर प्रदेश के अधिकांश महत्वपूर्ण सरकारी आयोजनों में कार्यक्रम संचालन के लिए उन्हें ही आमंत्रित किया जाता है ।






# सड़क हादसे में बाइक सवार देवर भाभी गम्भीर रुप से घायल

कछौना हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ससुराल से अपने घर वापस लौट रहे बाइक सवार देवर व भाभी को शुक्रवार दोपहर बाद तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गम्भीर घायल हो गये। स्थानीय लोगों व राहगीरों ने एमरजेंसी सेवा 108 की सहायता से दोनों घायलों को सीएचसी कछौना में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने के कारण घायलों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। बतातें चलें नीरज चौरसिया पुत्र छोटे चौरसिया निवासी ग्राम कटियामऊ कोतवाली कछौना के बहनोई का छोटा भाई छोटू (20) पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम गौरा थाना अतरौली बाइक नम्बर यूपी 32 एच०बी०1308 से अपनी भाभी आरती (20) पुत्री छोटे लाल चौरसिया निवासी ग्राम कटियामऊ से लेकर अपने गांव गौरा शुक्रवार दोपहर बाद जा रहे थे।रास्ते में लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर कटियामऊ मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रही प्राइवेट बस यूपी 30 ए०टी०1308 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में यह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों व राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए इमरजेंसी सेवा 108 व पुलिस को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी। बिना देरी किए तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी सेवा 108 के पायलट गया प्रसाद व संदीप गुप्ता फार्मासिस्ट घटनास्थल पर पहुंच गए। जिन्होंने तुरंत दोनों सड़क हादसे में घायल लोगों को एंबुलेंस से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में भर्ती कराया। जहां पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ के ट्रामा सेंटर को रिप्लाई कर दिया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ के ट्रामा सेंटर में दोनों इलाज शुरू हो गया है। आरती के सिर में चोट होने के कारण हालत गंभीर बनी हुई है। सड़क हादसे के बाद आरती का बैग व बैग में रखे जेवरात व पहने जेवरात गायब हैं। लड़की के परिजनों ने कोतवाली कछौना में लिखित रूप में प्रार्थना पत्र दे दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार ने हेलमेट पहना था। आरती की शादी एक माह पूर्व राजेश पुत्र शिव शंकर निवासी ग्राम गौरा थाना अतरौली के साथ हुई थी।

# स्वामी विवेकानंद जी कि जैयंती पर समाजवादीयो ने जगह 2 किया युवा घेरा कार्यक्रम का आयोजन

मियागंज (उन्नाव)। इस युवा घेरा कार्यक्रम का आयोजन मियागंज चौराहे के पास बाबा फल आम मंडी में संपन्न हुआ। जो स्वामी विवेकानंद जी कि जैयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जनपद से आये हुए समाजवादी पार्टी के युवा पदाधिकारीगण लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र रावत, (अल्पसंख्यक) जिला अध्यक्ष मुकेश रावत , प्रदेश सचिव सैफ खान , जिला सचिव फैसल रहमान सफवी, जिला महा सचिव सुज्जा रहमान सफवी, जिला सचिव फरान रहमान सफवी, और इस युवा घेरा कार्यक्रम के मुख्य संचालक मुलायम यादव भी रहे। और इस युवा घेरा कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रावत ने बीजेपी पर करारा निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा जैसी बैहरी और निकम्मी सरकार में देश और प्रदेश दोनों कि जनता को बढ़ा ही सताया जा रहा है। चाहे वो हमारे देश के किसान भाई हो, चाहे हमारे देश की माताएं व बहने हो , और चाहे हमारे देश के पढ़े लिखे बेरोजगार , युवा साथी हो, इन सभी के साथ बढ़ा ही घोर अन्याय कर रही हैं। ये



भाजपा सरकार जो अपने आगे किसी कि भी सुनने के लिए तैयार ही नहीं है. ये भाजपा सरकार। और फिर उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा जैसी बैहरी और निकम्मी सरकार को उत्तर प्रदेश से बाहर निकाल के करना है और 2022 में फिर से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश में इस बार फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। और फिर इसी के साथ समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी युवागणो ने सफीपुर विधान सभा के आये हुए सभी सपा कार्यकर्ता , कुलदीप यादव, कौशल यादव, शुभम यादव, ओमकार यादव, अरवेश खान, सहित कई सपा कार्यकर्ताओं को और आसपास के आये हुए ग्रामीण वासियों को नव वर्ष और गणतंत्र दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी।

# केंद्र की मोदी शाह और उत्तर प्रदेश की सरकार लोगों में आपसी युद्ध कराना चाहती है : पीसी कुरील

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक पी सी कुरील ने आज मीडिया से कहा कि किसान आंदोलन स्थगित नहीं हो पा रहा है। देश की सरकार मोदी केवल और शाह है, उत्तर प्रदेश सरकार योगी है, देश प्रदेश को, लोगों में आपसी युद्ध कराना चाहते हैं, कल जी टीवी ऐंकर की साजिश सुन रहे थे सेना में बड़े पद पर रहे और पाइलेट के देश प्रबुध लोग आंदोलन के समर्थन में आ गए हैं। और प्रबुध्ा लोग सरकार, कोर्ट, प्रशासन, मीडिया के षड़यंत्र को नजरअंदाज कर मजबूत भारत और संविधान के लिए अपने को आंदोलन के साथ प्रदर्शित कर रहे हैं, आज गुमराह लोग उस व्यवस्था के साथ अपने को समर्पित किये हुए हैं, जहां से मानव गुलाम और देश टुकड़ों में बटा था। मानव संघर्ष को न देखते हुए संक्राचार्य मनुवादी अपनी श्रेठता के लिए लोगों को तलवार, भाला, वर्दी आदि हथियारों का उपयोग करके मानवता, भाईचारा को समाप्त कर हिंदी हिंदुस्तान, हिन्दू राष्ट्र का संकल्प बना रहे हैं। (मुस्लिम) मुल्ला, मौलाना पाकिस्तान जाओ। देश के लोगों आपकी सहनशीलता उदारीकरण के कारण ही आप का सदाचार समाप्त होकर मानव के दुश्मन बन कर नौ सौ साल विदेशी राज्य और मनु के सिद्धांत में मानव के मानव गुलाम रहे हैं। संविधान और मजबूत भारत में विश्वास रखने वालों एक सूत्र में आओ, अपनी साझेदारी स्थापित प्रत्येक स्तर में बनाओ, देश हमारा है। उन्होंने कहा कि पेशवा राज्य 1818 की घटना को भी संज्ञान में लेकर कार्यवाही करना चाहिए। आंदोलन कर रहे किसान नेतृत्व और देश–संविधान बचाने वाले नेतृत्व के सामने बड़ा मुश्किल समय आ गया है।

# राज कुमार निगम की अंतिम यात्रा में हिंदू जागरण मंच ने निकाली शोभायात्रा

उन्नाव मुख्यालय

आज हिंदुत्व के पुरोधा व शिव शोभा यात्रा के संस्थापक राजकुमार निगम जी की अंतिम यात्रा का हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय व प्रभारी विमल द्विवेदी के नेतृत्व में छोटे चौराहे से लेकर गांधीनगर तिराहे तक हिंदू जागरण मंच के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा व घरों से अंतिम यात्रा का भव्य पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर मंच के जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी , नगर महामंत्री धर्मेंद्र शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष जयशिव अवस्थी, उपाध्यक्ष शिवम आजाद ,उपाध्यक्ष सेवक त्रिपाठी, नगर युवा प्रभारी नितेश तिवारी, नगर उपाध्यक्ष अंशु शुक्ला, रत्नेश शुक्ला, हितेश शुक्ला, सुमित श्रीवास्तव, रोहित, राहुल द्विवेदी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# ट्रासजेन्डर के अधिकार एवं शासन की लाभकारी प्रावधानों पर विधिक जानकारी दी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में हरपालपुर ब्लाक सभागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसीलदार सवायजपुर पीयूष कुमार भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित लोगों को ट्रासजेन्डर के अधिकार एवं शासन की लाभकारी प्रावधानों पर विधिक जानकारी दी। शिविर में स्वयं सेवक संघ सदस्य संजीव कुमार, सहायक विकास अधिकारी रमेश प्रकाश दीक्षित, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# जिला उद्योग बन्धु की बैठक 19 जनवरी को– संजय कुमार

उपायुक्त उद्योग संजय कुमार ने अवगत कराया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक 19 जनवरी 2021 को अपरान्ह 2.30 बजे मे0 वन वेवरेज प्रा0लि0 के सभागार औद्योगिक क्षेत्र, सण्डीला में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि उक्त बैठक में निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# गणतन्त्र दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक 16 जनवरी– प्रभारी अधिकारी

हरदोई। 15 जनवरी 2021– प्रभारी अधिकारी नजारत ने अवगत कराया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'गणतन्त्र दिवस' 26 जनवरी 2021 को मनाये जाने के सम्बन्ध में 16 जनवरी 2021 को सांयकाल 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। उन्होने गणतन्त्र दिवस से सम्बन्धित अधिकारियों तथा समाज सेवियों से कहा है कि उक्त बैठक में निर्धारित समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# जिला टास्क फोर्स बाल विवाह प्रतिषेध की बैठक 23 जनवरी को– सुशील सिंह

जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि जिला टास्क फोर्स (बाल विवाह प्रतिषेध) की बैठक 23 जनवरी 2021 को अपरान्ह 03 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से कहा है उक्त बैठक में निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# वृक्षारोपण स्थल का चयन कराकर सूची उपलब्ध करायें-जिलाधिकारी

## बकाया विद्युत वसूली में तेजी लाये और बड़े बकायेदारों के विरूद्व आर0सी0 जारी करें– अविनाश

. विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में वन, सिंचाई, मनरेगा, लद्यु सिंचाई, उद्यान, विद्युत, गन्ना आदि विभाग की बैठक जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गयी। वृक्षारोपण समिति की बैठक में राजस्व एवं रेशम विभाग द्वारा वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि समस्त उप जिलाधिकारियों से वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन की सूची तत्काल प्राप्त कर डीएफओ को उपलब्ध करायें। उन्होने रेशम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि कृषकों के माध्यम से लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण स्थल का चयन कराकर सूची उपलब्ध करायें। बैठक में उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि लद्यु सिंचाई, सिंचाई, पीडब्लूडी, उद्यान तथा भूमि संरक्षण विभाग को मनरेगा के तहत सौपे कार्यो में मानव दिवसों की संख्या कम होने के साथ कार्य भी पूर्ण नहीं हुए है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकरी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मनरेगा के शेष कार्यो को प्राथमिता पर पूर्ण कराने के साथ मानव दिवस सृजन शतप्रतिशत करायें। सहकारिता विभाग की वसूली के सम्बन्ध में उन्होने कहा कि छोटे–बड़े बकायेदार कृषकों की सूची संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी उपलब्ध कराते हुए ऋण की वसूली शतप्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में नलकूप विभाग के ट्यूबवेल में विद्युती आपूर्ति ठीक न कराने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि नलकूप विभाग ने जिन ट्यूवेल की लाइन चालू करने आदि के लिए धनराशि जमाकर दी है उन्हें एक सप्ताह में चालू कराये अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में विद्युत वसूली कम होने पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये बकाया विद्युत वसूली में तेजी लाये और बड़े बकायेदारों के विरूद्व आर0सी0 जारी करें। गन्ना विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिये कि गन्ना किसानों का भुगतान निर्धारित समय पर चीनी मिलों से करायें। अतिरिक्त उर्जा की समीक्षा में नेडा अधिकारी ने बताया कि आईटीआई हरदोई में सोलर लाइट के लिए पैनल लगा दिये गये और बैट्री एवं अन्य कुछ शेष आने पर विद्युत सप्लाई चालू कर दी जायेगी। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता शारदा नहर को निर्देश दिये कि नहरों के माध्यम से सभी टेल तक पानी पहुंचायें और इसकी सूचना समस्त जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायें। ऐचामऊ पुल एवं भड़ायल ड्रेन निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी ने अधि0अभि0 शारदा नहर को निर्देश दिये कि शासन से स्वीकृत प्राप्त कर उक्त दोनो कार्यो का निर्माण प्रारम्भ करायें। कृषि विभाग की कृषि आधारित आत्मा योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने डीडी कृषि तथा जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि कृषकों को विभाग से अनुदान पर मिलने वाले बीज, कृषि यंत्र आदि का पूर्ण लाभ प्रदान करायें और गोष्ठी आदि के माध्यम से कृषकों को खेती आदि के माध्यम से कम लागत में अधिक उपज करने के बारे में जागरूक करायें।

बैठक में बर्ड फ्लू के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि समिति के सिंचाई, पीडब्लूडी, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर वन क्षेत्र, तालाब, पोखर आदि क्षेत्रों पर निगरानी रखें और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के मुर्गा दुकान व फार्मो का भी नियमित निरीक्षण करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जिला संख्याधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, डीडी कृषि डा0 आशुतोष कुमार मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी उमेश साहू, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी प्रान्तीय खण्ड, विद्युत, शारदा नहर आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल से शुरू होगा करोना वैक्सीनेशन का कार्य

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में उच्च स्तरीय डीप फ्रीजर में रखी हे करोना वैक्सीन

हरदोई ! जनपद वासियों के खुशखबरी यह है कि करोना वैक्सीनेशन का कार्य शनिवार से हरदोई में शुरू हो रहा है। कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य प्रशासनिक ,पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कड़ी निगरानी में किया जाएगा।




हरदोई कलेक्ट्रेट सभागार में उक्त जानकारी देते हुए जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि कोरोना वैक्सीन उच्च स्तरीय आधुनिक डीप फ्रीजर में रखी गई है और यदि कुछ घंटों के लिए लाइट चली भी जाती है तब भी वह पूरी तरीके से सुरक्षित ही रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कोरोना वैक्सीन पूरी तरीके से सुरक्षित है ,और देश के चुनिंदा वैज्ञानिकों व स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा पूरी तरीके से जांच उपरांत ही उसे वैक्सीनेशन कार्य के लिए स्वीकृत किया गया है ।

जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने लोगों से अपील की वह किसी भी अफवाह में ना पड़कर करोना वैक्सीनेशन के कार्य में प्रशासन का पूरी तरीके से सहयोग करें। जिलाधिकारी की पत्रकार वार्ता में अपर जिलाधिकारी संजय सिंह ,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरदोई समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

# सपाइयों ने मनाया डिपल यादव का जन्मदिन

हरदोई सपा कार्यालय पर पूर्व सांसद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की पत्नी डिम्पल यादव जी का जन्मदिन केक कटाकर मनाया गया। आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल के नेतृत्व में पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक राजजेश्वरी देवी जिला महासचिव वीरेन्द्र सिंह यादव वीरे, जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह ,जिला उपाध्यक्ष डी डी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह मीतू,जिला कोषाध्यक्ष अतुल उपाध्याय, नगर अध्यक्ष रियाशत खां जिला सचिव धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,जिला सचिव सतेंद्र सिंह पानू, जिला सचिव प्रदीप राजवंशी, जिला सचिव अजय पांडे, जिला सचिवअनमोल गुप्ता मोनू ने केक कटाकर समाजवादी पार्टी की पूर्व सांसद डिम्पल यादव जी का 43 वां जन्मदिन मनाया यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष रहमत अली मोनू,युवजन सभा अध्यक्ष हरिनाम यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष फैजान फैजी , प्रबुद्ध सभा अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सईद अहमद,धीरज अर्कवंशी ने कम्पनी बाग में वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया।




# किसान पंचायत में उठी गोदाम यूरिया और रजवहा में पानी न होने की समस्या

संवाददाता नफीस अहमद नेहाल अहमद बिलग्राम।।

बिलग्राम हरदोई। तहसील प्रांगण में किसानों की पंचायत में रबी की फसल के समय बिलग्राम में सिंचाई का प्रमुख साधन रजवहा बिलग्राम में पानी ना होनें और गोदाम पर यूरिया ना होनें की समस्याएं उठाते हुए एस डी एम को ज्ञापन दिया।भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजबहादुर यादव की अध्यक्षता में किसान पंचायत का आयोजन तहसील प्रांगण में किया जिसमें बिलग्राम रजबहा के गूलो की सफाई कर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की । इसके साथ ही किसानों ने मांग उठाई कि सरकारी गोदामों पर यूरिया ना होने के कारण किसान दुकानों से अधिक मूल्य पर यूरिया खरीद रहे हैं। साथ ही नेकपुर नेवादा का राजकीय नलकूप संख्या145बंद पड़ा है जिसे ठीक कराने की मांग उठाई । इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

# नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. प्रत्युष रंजन ने आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर करने का रखा लक्ष्य

संवाददाता

लखनऊ। प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रत्युष रंजन ने आंखों के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और समाज से प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस यानी ऐसे अंधेपन की समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा है, जिनकी रोकथाम संभव है। नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले डॉ. रंजन मोतियाबिंद की सर्जरी (बच्चों एवं वयस्कों दोनों में) के विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। उन्हें इंट्राऑक्यूलर लेंस इप्लांट के साथ जटिल मोतियाबिंद की समस्या से निपटने का व्यापक अनुभव है। डॉ. रंजन सर्जरी के बाद यह सुनिश्चित करते हैं कि व्यक्ति बिना चश्मे के आसानी से जीवन बिता सके। एक विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में काम करते हुए डॉ. रंजन का उद्देश्य द अशोका फाउंडेशन एनजीओ के माध्यम से आई केयर को सभी के लिए सुलभ बनाना है। फाउंडेशन का उद्देश्य आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और समाज से प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस को खत्म करना है। डॉ. रंजन ने फाउंडेशन की स्थापना 2010 में उस समय की थी, जब वह नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे थे। वहां पोस्ट ग्रेजुएशन करते समय उन्होंने यूपी और बिहार के ऐसे कई गरीब मरीजों को देखा जो पैसे की कमी के कारण एक साधारण मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने के लिए अपनी रातें वहां फर्श पर बिता देते थे। इन परिस्थितियों को देखकर डॉ. रंजन के मन में गरीब लोगों को यथासंभव निशुल्क नेत्र उपचार उपलब्ध कराने का विचार कौंधा। उन्होंने अमेरिका के एनजीओ विटामिन एंगल के साथ भी काम किया है, जो आंखों से संबंधित विभिन्नअपदंल समस्याओं से पीड़ित बच्चों को मुफ्त विटामिन ए कैप्सूल प्रदान करता है। इस अवसर पर डॉ. प्रत्युष रंजन, एमबीबीएस, डीओ एमएस, डीएनबी, एमएएमएस कंसल्टेंट नेत्र रोग विशेषज्ञ, मोतियाबिंद, रिफ्रेक्टिव और ग्लूकोमा विशेषज्ञ ने कहा, "पिछले एक साल में हम सभी ने महसूस किया है कि मानव जाति के लिए अच्छा स्वास्थ्य कितना मूल्यवान है और और आपकी आंखें आपके स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वयस्कों और बच्चों दोनों के लिए स्क्रीन टाइम (मोबाइल के सामने बीतने वाला वक्त) बढ़ने से आंखों की समस्याओं में वृद्धि हुई है और इसलिए नियमित जांच के जरिये से आपकी आंखों की देखभाल अब और जरूरी हो गई है। जितनी बार आपके डॉक्टर सलाह दें या जब भी आपको आंखों से देखने में कोई भी दिक्कत महसूस हो, आपको आंखों की स्वास्थ्य जांच करा लेनी चाहिए। इससे आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी। भारत में अगर मरीज निचले तबके से आता है, तो एक साधारण मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने के लिए भी उसे संघर्ष करना पड़ता है। इसी परिस्थिति ने मुझे द अशोका फाउंडेशन के नाम से एनजीओ खोलने के लिए प्रेरित किया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को बिना बहुत ज्यादा संघर्ष के आँखों का ठीक से इलाज करवाने में मदद करना है। उन्होंने आगे कहा, ष्आधुनिकतम रिफ्रेक्टिव लेजर करेक्शन जैसे बहुत सारे विकास कार्य आंखों की देखभाल के क्षेत्र में हो रहे हैं, जिनकी मदद से बहुत ज्यादा पावर वाली आंखों का भी इलाज किया जा सकता है। ग्लूकोमा एक ऐसी बीमारी है जो लोगों को स्थायी रूप से अंधा बना रही है। द साइलेंट थीफ ऑफ साइट कही जाने वाली यह बीमारी 40 साल की उम्र से शुरू होती है और आपको अंधा बना सकती है। यह आनुवंशिक बीमारी भी है।

# माकपा ने की स्वामी आनंद स्वरूप पर कार्यवाही करने की मांग

संवाददाता

लखनऊ। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मण्डल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दिनांक 10 जनवरी 2021 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में स्वामी आनंद स्वरूप द्वारा की गयी सभा में उनके द्वारा दिये गये नफरत और घृणा फैलाने वाले भाषण की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उनके विरूद्ध प्राइमा फेसाई धारा 153ए और धारा 295ए के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की गयी है। उनका भाषण वीडियो सोशल मीडिया के लिंक पर दिखाई दे रहा है। इस वीडियो में कुरान के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए वे मुसलमानों को हिन्दू धर्म स्वीकार करने के लिए कई तरह के दबाव डाले जाने की बात कह रहे हैं। दि प्रिंट नामक आनलाइन पत्रिका ने उनके इस भाषण को विस्तार से छापा भी है। स्वामी कहते हैं कि कुरान पढ़ने वाला जानवर बन जाता है। हिन्दुस्तान में रहने के लिए मुसलमानों को कुरान और नमाज को त्यागना होगा। वे अपने कार्यकर्ताओं को कहते हैं कि उन्हें स्वयंसेवक नहीं स्वयंसेना बनानी चाहिए। तलवार बंदूक जो भी तुम्हारे पास हो, उसे उठा लो, युद्ध की घोषणा हो चुकी है। यह युद्ध तब तक जारी रहेगा जब तक हमें हिंदू राष्ट्र नहीं मिल जाता है।

# यूपी पीडब्लूडी सर्किल आफिसेस मिनिस्ट्रीरियल एशोसिएशन

संवाददाता

लखनऊ। यू.पी.पी.डब्लू.डी. सर्किल आफिसेस मिनिस्टीरियल एशोसियेशन का प्रान्तीय द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव 15 जनवरी को अन्वेषणालय सभागार, 96 महात्मा गांधी मार्ग, लो.नि.वि., लखनऊ में सम्पन्न हुआ। अधिवेषन के पहले सत्र में संघ के कोषाधिकारी तरूणेश कुमार श्रीवास्तव ने संघ का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया है। महामंत्री जय प्रकाश तिवारी ने उपलब्धियों एवं समस्याओं पर चर्चा के दौरान बताया कि संवर्ग की कई समस्याओं पर संघर्ष की आवष्यकता है। इसके उपरान्त एशोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कार्यकारिणी भंग कर मंच को निर्वाचन अधिकारियों के हवाले कर दिया। रामराज दुबे, चुनाव प्रभारी, उ.प्र. चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ कार्यालय प्रमुख अभियन्ता प्रांगण लो.नि.वि., लखनऊ ने तथा चुनाव अधिकारी, मि.एशो. कार्या. प्रमुख अभियन्ता के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार यादव और उत्तर प्रदेश राजकीय वाहन चालक संघ के सुभाष मिश्रा ने निर्वाचन प्रक्रिया शुरू करायी। अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष आदि सभी पदों पर एक–एक नामांकन आए और कुल 16 नामांकन दाखिल हुए। निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया में सुनील कुमार यादव अध्यक्ष और जयप्रकाश तिवारी महामंत्री पद पर चौथी बार निर्वाचित घोषित किये गए। निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र यादव और सुभाष मिश्रा ने बताया कि सुनील कुमार यादव प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कोषाध्यक्ष, विजय प्रकाश मौर्य प्रदेश सम्प्रेक्षक और मनोज कुमार दुबे को प्रदेश मीडिया प्रभारी चुना गया।

# कानपुर पुलिस अभियुक्त की तलाश में बिलग्राम आई

संवाददाता नफीस अहमद नेहाल अहमद बिलग्राम



बिलग्राम हरदोई। कानपुर जूही थाना क्षेत्र के रत्तूपुरवा में ससुराली जनो को पेट्रोल डालकर आग के हवाले करने के बाद फरार हुआ बिलग्राम क्षेत्र के इटौली गांव का निवासी मुकेश, जिसको गिरफ्तार करने के लिए कानपुर एसपी साउथ के द्वारा पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया था शुक्रवार को एक टीम उसे पकड़ने के लिए बिलग्राम आई और उसको तलाश किया लेकिन मुकेश घर पर नहीं मिला घर में उसके माता पिता के अलावा एक बहन मुकेश का बेटा श्याम और बेटी काव्या मिली पुलिस ने माता पिता से पूछताछ की और वापस चली आई कुछ देर के बाद पता चला की मुकेश को कन्नौज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी करने पर पता चला है कि मुकेश ने कानपुर क्षेत्र के रत्तूपुरवा में मनीषा नाम की लड़की से आठ वर्ष पूर्व कोर्ट मैरिज से शादी की थी लेकिन आपसी झगड़े के कारण करीब आठ महीने पहले ही मनीषा अपने दो बच्चों को छोड़कर कर मायके चली गयी थी शुक्रवार सुबह खबरों के माध्यम से पता चला कि मुकेश कानपुर जाकर अपनी पत्नी समेत पूरे परिवार पर पेट्रोल डालकर उन्हें आग के हवाले कर के वहां से रफूचक्कर हो गया जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया मुकेश तीन भाइयों में बीच का है। पिता किसानी करते हैं मुकेश के दो भाई दिल्ली में बर्तन बनाने का कार्य करते हैं।

# किसान अधिकार दिवस पर अन्नदाता किसानों की मांगों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी का देशव्यापी राजभवन घेराव

## राजधानी लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, नेता विधान परिषद दल दीपक सिंह, पूर्व मंत्री आर0के0 चौधरी सहित सैंकड़ों गिरफ्तार

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर आज किसान अधिकार दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश में तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले 50 दिनों से दिल्ली बार्डर पर भीषण ठण्ड और बारिश में अपनी मांगों के समर्थन में आन्दोलनरत अन्नदाता किसानों के समर्थन में उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी द्वारा राजधानी लखनऊ में राजभवन घेराव का कार्यक्रम आयोजित कर संघर्षरत किसानों की आवाज को बुलन्द किया गया। योगी सरकार की तानाशाही और दमनकारी रवैये के चलते सरकार के इशारे पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू को उनके आवास से निकलते ही कायरतापूर्ण तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके साथ कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता श्री दीपक सिंह, पूर्व मंत्री श्री आर0के0 चौधरी सहित सैंकड़ों कांग्रेसजनों को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर इको गार्डेन भेज दिया गया।

उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा0 उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि पुलिस द्वारा बलपूर्वक गिरफ्तार किये जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मौजूदा योगी सरकार निरंकुशता की सारी हदें पार कर चुकी है। लोकतंत्र को तार–तार करने में लगी है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उनके हक में आवाज उठा रहे कांग्रेसजनों को गिरफ्तार करके उनके संवैधानिक अधिकारों को कुचलने का काम कर रही है। आज न सिर्फ लोकतंत्र को कुचला जा रहा है अपितु पूरे संवैधानिक प्रक्रियाओं को बाधित करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। आज एक चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार के समक्ष 50 दिनों से धरना दे रहे किसानों की आवाज को दरकिनार करके अपने चहेते पूंजीपतियों को खुश करने का काम मोदी सरकार कर रही है। तीनों काले कृषि कानून न सिर्फ किसान विरोधी हैं बल्कि किसानों और कृषि को खत्म करने के लिए है। यह कानून किसानों का जो कुछ भी है उसे अपने पूंजीपति चंद मित्रों को दिलवाने के हक में हैं।

श्री अजय कुमार लल्लू ने आगे कहा कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी देश भर में बड़ी–बड़ी रैलियां और सभाएं आयोजित कर रही है, उ0प्र0 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन खेती, किसानी और अन्नदाता के हक में जब कांग्रेस पार्टी आवाज बुलन्द करती है तो पुलिस के बल पर उनको गिरफ्तार करके न सिर्फ कांग्रेस बल्कि देश के मेहनतकश किसानों की आवाज दबाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। पूरी योगी सरकार सिर्फ कागजों पर किसानों के हक की बात करती है। आज न तो किसानों की आय दुगुनी हुई है और न ही उन्हें उनकी उपज का ड्यौढ़ा दाम मिल रहा है बल्कि किसानों की मंडियां और एमएसपी को एक षडयन्त्र के तहत खत्म करके पूरी खेती किसानी को बर्बाद करने का काम योगी–मोदी कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि किसान हितैषी योगी सरकार का आलम यह है कि यूपी में सरकारी गड़बड़ी की वजह से साढ़े सात लाख से अधिक किसानों को सम्मान निधि नहीं मिली है। लेकिन सरकार ने किसान आन्दोलन को रोकने के लिए नोडल अधिकारी बनाए हैं। यह भाजपा सरकारों की किसान हितैषी होने के दावे की पोल खोलती है और साबित करती है कि भाजपा किसानों की कितनी हितैषी है।

प्रवक्ता डॉ0 उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू जी के साथ गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से उ0प्र0 कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन श्री दिनेश सिंह, संगठन सचिव श्री अनिल यादव, सचिव लखनऊ प्रभारी श्री रमेश कुमार शुक्ला, पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन श्री मनोज यादव, श्रीमती ममता चौधरी, श्री पंकज तिवारी, श्री शैलेन्द्र तिवारी बबलू, श्री अनस रहमान, श्री पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, श्री अजय श्रीवास्तव अज्जू, श्री प्रदीप सिंघल जिलाध्यक्ष अमेठी, श्री शिव पाण्डेय, श्रीमती रफत फातिमा, श्री दिलप्रीत सिंह डीपी, श्री प्रभाकर मिश्रा, श्री प्रदीप कनौजिया, श्रीमती सुशीला शर्मा, श्रीमती शीला मिश्रा, श्री अंशू अवस्थी, श्री मुरली मनोहर, श्री जितेन्द्र पाठक, श्री आशुतोष मिश्रा, सुश्री वंदना सिंह, श्री ज्ञान प्रकाश राय, डा0 शहजाद आलम, श्री धर्मेन्द्र शुक्ला, श्री राघवेन्द्र सिंह, श्री मुन्ना लाल भारती, श्री आर्यन मिश्रा, श्रीमती राशिदा रिजवान, श्रीमती राधा पाण्डेय सहित सैंकड़ों कांग्रेसजन शामिल रहे।

# 5 फरवरी को हनुमान गढ़ी में समर्पित की जाएगी हिन्दू महासभा की हनुमान छतरी - रविन्द्र कुमार द्विवेदी

संवाददाता

अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा अयोध्या के हनुमानगढ़ी में वहां के गद्दीनशीं को 19 जनवरी को समर्पित होने वाली हनुमान छतरी के कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है । अब यह छतरी 5 फरवरी को समर्पित की जाएगी । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि पहले हनुमान छतरी यात्रा 17 जनवरी को चेन्नई से चलकर अयोध्या पहुंचने वाली थी , किन्तु ट्रेन सुविधा उपलब्ध न होने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है । अब हनुमान छतरी यात्रा तीन फरवरी को हिन्दू महासभा तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आत्माराम तिवारी के सन्निध्य में 40 कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल हनुमान छतरी लेकर चेन्नई से रवाना होकर 4 फरवरी को काशी विश्वनाथ वाराणसी होते हुए अयोध्या पहुंचेगा । अयोध्या में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज के नेतृत्व में साधु संतों के साथ भव्य यात्रा निकालते हुए हनुमानगढ़ी में छतरी समर्पित करते हुए रामराज्य की स्थापना का संकल्प लिया जाएगा ।

आज जारी बयान में हिन्दू महासभा अयोध्या जिलाध्यक्ष राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि अयोध्या में 5 फरवरी को आयोजित हो रही हनुमान छतरी यात्रा का नाम बदलकर रामराज्य हनुमान छतरी यात्रा ८ रखा गया है । इस यात्रा में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी , राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य विजय प्रकाश मानव , राष्ट्रीय संगठन मंत्री उमा शंकर वाजपेई , राष्ट्रीय मंत्री केशव चौहान , राष्ट्रीय प्रचार मंत्री योगी सत्यनाथ जी , राष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी करपात्री जी महाराज , उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी , प्रदेश प्रभारी शिवपूजन दिक्षित , हिन्दू युवक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कनोजिया , राष्ट्रीय महामंत्री अंशुल तोमर , राष्ट्रीय मंत्री शिवम कांबोज सहित अनेक राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे । राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि चेन्नई में एक माह से हिन्दू महासभा तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में रामराज्य हनुमान छतरी यात्रा चेन्नई के विभिन्न मंदिरों एवं तीर्थ स्थानों पर निकाली जा रही है । इस यात्रा का समापन 5 फरवरी को हनुमान गढ़ी में होगा । कामिनी झा ने समस्त श्रीराम भक्तों और हनुमान भक्तों से 5 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामराज्य स्थापना का संकल्प लेने का आह्वान किया है ।

# गरीबों की सेवा करना हमारा कर्तव्य, अतुल सिंह

संवाददाता

ऊंचाहार (रायबरेली )विधानसभा के बैरीसाल का पुरवा, नटन



का पुरवा, सुल्तानपुर जनौली, मेलखासाहब, गुरगुजपुर आदि गांवों के गरीब विधवाओं, दिव्यागों और जरूरतमंदो को कंबल वितरण अभियान के तहत भाजपा नेता अतुल सिंह ने कम्बल वितरित किया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हम सबको मिलकर गरीब और जरुरतमंदोकी सेवा करनी है , गरीबों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। मोदी सरकार ने सभी जरुरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने का काम किया है। योगी सरकार में सबको बराबर सम्मान और न्याय मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भाजपा नेता विजय मिश्रा, भोला साहू, अंशु सिंह, राधेश्याम यादव, प्रेमनारायण श्रीवास्तव, कौशलेंद्र सिंह, आंसू तिवारी, बबलू साहू, रजनी पटेल, रज्जन सिंह,सूरज यादव,बासुदेव सिंह, गयादीन प्रजापति, शुखदेव सरोज,राकेश आदि लोग उपस्थित थे।

## मंडी समिति लालगंज में खिचड़ी भोज के साथ हुआ कंबल वितरण



संवाददाता

लालगंज रायबरेली। भाजपा नेता शिव प्रकाश पांडे ,सुशील शुक्ला एवं समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह के द्वारा मंडी समिति लालगंज में खिचड़ी भोज के साथ कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मकर संक्रांति उत्सव के तहत संपन्न हुआ है । कार्यक्रम में बोलते हुए सुशील शुक्ला ने कहा कि मकर संक्रांत में खिचड़ी व कंबल दान का अपना विशेष महत्व है । गरीबों की सेवा ही मानव सेवा है। करीब 1 सैकड़ा लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर सोनू शुक्ला ,आकाश सिंह ,रिंकू बाजपेई, मंटू बाजपेई ,मुन्नीलाल बाजपेई ,ब्रह्म इंद्र विक्रम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दर्जनो कौए को मृत अवस्था देख ग्रामीणो में मचा हड़कंप

संवाददाता

ऊँचाहार( रायबरेली )। शुक्रवार की भोर में क्षेत्र के रायबरेली प्रतापगढ़ सीमा पर ब्रह्ममौली के निकट नेशनल हाईवे के किनारे लगभग आधा दर्जन कौवों को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया।अचानक हुई कौवों की मौत से बर्ड फ्लू की आशंका जताई जा रही है।वहीं स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही पड़ोसी जनपद की नवाबगज पुलिस मौके पर पहुची और वन विभाग को जानकारी दी।



मालूम हो कि प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के किनारे नवाबगज थाना के ब्रहमौली चौराहे पर शुक्रवार की सुबह भोर पहर सड़क किनारे पेड़ो से टपक कर लगभग आधा दर्जन कौवों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से ग्रामीणो में हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही नवाबगज प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह, अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचे और सड़क किनारे मरे पड़े कौवों को देखकर वन विभाग को जानकारी दी गयी। मौके पर वन विभाग के भइया लाल पाण्डेय व पशुचिकित्सक ओम प्रकाश यादव पहुचे और जमीन पर मरे पड़े कौवों को झोले में रखकर अपने साथ ले गए । इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि चिकित्सक ने ठंड से कौवों की मरने की बात कही है ।जांच रिपोर्ट जिला मुख्यालय से आने पर ही मौत का सही कारण पता चलेगा।

# कृषि कानून वापस लेने को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता

ऊँचाहार (रायबरेली) शुक्रवार को तहसील पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) किसान सेना के दर्जनों पदाधिकारियों ने कृषि कानून वापस लेने को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) किसान सेना के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह की अगुवाई में दर्जनों पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में सरकार द्वारा लाये गये तीनों कृषि कानूनों को अविलंब वापस लेने की मांग की है। वहीं जिलाअध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि अगर सरकार द्वारा पारित किये गये कृषि कानून को वापस नहीं लिया गया तो किसान गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर ट्राली से शांतिपूर्वक



दिल्ली राजपथ परेड ग्राउंड पर कूच करने के लिए विवश होंगे, वहीं उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार अभिनव पाठक को पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर रजवंत सिंह,संतोष शुक्ला, कृपाशंकर त्रिपाठी,जयमल सिंह, अनुज सिंह,संजय सिंह, अर्पित सिंह,मुकेश तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आम के पेड़ से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत
## पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता

नसीराबाद रायबरेली। लकड़ी तोड़ने गए 22 वर्षीय युवक की पेड़ से गिरने से हुई मौत । युवक की मौत की खबर घर पहुचते ही घर में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर शव को पी एम् के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक युवक सुबह लकड़ी तोड़ने गया था पेड़ से गिरने से युवक की मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे भरत मजरे कुढ़ा गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र कुलदीप गांधी नगर चौराहे पर चाउमीन की दुकान लगाता था और वही कमरा लेकर रहता था।बुधवार सुबह वह कमरे के पीछे सूखे आम के पेड़ पर लकड़ी तोड़ने गया था लकड़ी तोड़ते समय पैर फिसलने से वह गिर कर गलथे पर अटक गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गयी । पीछे गए एक युवक ने पेड़ पर शव लटका देख पुलिस को सूचना दी ।सूचना पर नसीराबाद थाना प्रभारी श्रीराम पाण्डेय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत की खबर घर पहुचते ही घर में कोहराम मच गया ।वही माँ शिव देवी का रो रो कर हाल बेहाल हो गया था बस मुख से यही निकल रहा था की अबे हमार भइया ठीक ठीक रहेन इकाव होइ गवा और रोने लगती।मृतक युवक के पिता कुलदीप लुधियाना शहर में मजदूरी करते है।और मृतक युवक घर की जिम्मेदारी उठा रखा था और लॉक डाउन के बाद से ही परिवार के जीवन यापन के लिए चाउमीन की दुकान कर परिवार चलाता था।उधर नसीराबाद थाना प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया की लकड़ी तोड़ते समय पैर फिसलने से युवक की मौत हुई है शव को पी एम् के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी ।

# कबड्डी के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सप्त छतोह विद्यालय बना विजेता

संवाददाता

नसीराबाद रायबरेली।युवा कल्याण एवं प्रदिशिक विकास दल विभाग द्वारा छतोह मे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने धमाल मचाया। प्रतियोगिता के डायरेक्टर पी आर डी ब्लाक कमन्डर राजेन्द्र प्रसाद दुबे ने कहा कि खेलकूद से सर्वांगीण विकास होता है प्रतिदिन आधे से 1 घंटे खेलकूद व व्यायाम करना चाहिए। सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दिया। मेदापुर के प्रधानाचार्य ने टॉस करके कबड्डी मैच को प्रारंभ करवाया। खेल प्रभारी राममूर्ति मिश्रा ने बताया कि कबड्डी मैच में बहुत ही संघर्षपूर्ण मुकाबले में छतोह ने कपूरपुर को 52–47 अंको से परास्त कर कबड्डी का फाइनल मैच अपने नाम किया। एथलेटिक प्रतियोगिता में आठ सौ मीटर सीनियर वर्ग दौड़ में अशोक कुमार छतोह प्रथम, मुकेश कुमार कुवंर म ऊ द्वितीय, सुरेन्द्र कुमार बेवल तृतीय, 400 मीटर सीनियर बालिका रेस में भावना सिंह प्रथम, शालू द्वितीय, रजनी सिंह तृतीय स्थान पर व बालक वर्ग में 400 मीटर में सिराज अख्तर प्रथम, सुरेंद्र कुमार द्वितीय, करन यादव तृतीय स्थान पर रहे। वही 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में सोनू प्रथम, सिराज अहमद द्वितीय, करन यादव , स्थान पर रहे।मुख्य रेफरी खेल प्रभारी महेंद्र सिंह, रामप्यारे यादव, ध्रुव राज मौर्य, ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर सुनील सिंह ,महेंद्र बहादुर सिंह, अनिल मौर्य, पुष्पेंद्र सिंह, रामसेवक , संदीप पाल सिंह , अजय पाल सिंह ,राममिलन शुक्ला , कुलदीप सिंह व समस्त अध्यापक व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## अभी भी प्रधान का है कार्यालय पर कब्जा

संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश भले ही में प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो गया हो और सरकार ने हर गांव में प्रशासक नियुक्त कर दिए हो लेकिन बदोसराय के पूर्व प्रधान पति आज भी अपने को प्रधान समझ कर पंचायत कार्यालय पर कब्जा जमा कर अपना निजी आफिस चला रहें हैं जिससे जनता भ्रमित हो रही है। जिसको लेकर समाजिक कार्यकर्ता निसार मेहदी ने खण्ड विकास अधिकारी सिरौलीगौसपुर को प्रार्थना पत्र देकर निजी कब्जा आफिस हटवाने की मांग की है,निसार मेहदी ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि जनता भ्रमित हो रही है और प्रधान समझ रही है जिसका प्रभाव निकट चुनाव पर पड़ रहा है।

# मनोंरंजन के साथ व्यायाम का साधन हैं खेल–राकेश वर्मा

संवाददाता

बाराबंकी। खेल हमारे मनोरंजन के साधन है खेल से हमारे शरीर का व्यायाम स्वतः हो जाता है। इससे हमारा शरीर सुगठित और मजबूत होता है हमारे देश में क्रिकेट के साथ–साथ अनेको स्तर के खेल–खेले जाते है। यह विचार आज विधानसभा जैदपुर के अन्तर्गत ग्राम दादरा के करमुल्लापुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेन्ट के उद्घाटन के अवसर पर पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने व्यक्त किये। श्री राकेश वर्मा ने आगे कहा कि हमारे देश में हाकी, टेबल टेनिस, शतरंज, वालीवॉल, कबड्डी और फुटबाल खेलो में क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय होने के कारण राष्ट्रीय खेल सूची में सबसे ऊपर है ग्रामीण स्तर पर भी क्रिकेट बहुत लोकप्रिय खेल बन रहा है।जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलो में खेलो के आयोजन करने वाले भी बधाई के पात्र है इन खेलो में खेलने वाले खिलाडियों की छुपी हुई प्रतिभा निखरती है और ग्रामीण स्तर पर ही खेलकर इन्ही में कुछ खिलाड़ी राज्य एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर हमारे देश का नाम रोशन करते है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधान मोबिन सिकन्दर, अवधराम वर्मा, जगरूप वर्मा, बृजेश वर्मा, प्रति0 मो0 रिजवान संजय, आलोक कुमार रावत, बाबा परमहंस दास, दीप चन्द्र यादव, संजय, सत्तार, प्रदीप कुमार सैनी, समीर खान, बी0एन0 पटेल, राहुल राज, शिवा यादव समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार्यक्रम में पत्रकारों को कोरोना काल में किए गए कार्य के लिए किया गया सम्मानित

संवाददाता

रायबरेली – श्री नारायण सेवा समिति की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह एवं रजाई वितरण व खिचड़ी भोज का कार्यक्रम प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सिंह चौहान के घर पर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों को रजाई वितरण किया गया व खिचड़ी भोज किया गया तथा पत्रकारों के द्वारा कोरोना काल के समय निभाए गए दायित्व के सम्मान में उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए उन्होंने श्री नारायण सेवा समिति के द्वारा किए जा रहे जन सरोकार से जुड़े इस पुण्य कार्य की प्रशंसा और सराहना भी की। इस समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि बरसों से समिति के द्वारा जरूरतमंदों को सहयोग किया जाता है जनपद के अलग–अलग जगहों पर जरूरतमंदों के लिए भोजन गर्म कपड़े एवं जरूरत की चीजें वितरित की जाती हैं इसमें आम लोग जन सहयोग करते हैं। प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि पुण्य कार्य से जुड़कर लोग मदद करते हैं जिससे वह आम जनमानस की सेवा कर रहे हैं यह सब सभी के सहयोग से ही संचालित हो रहा है। खिचड़ी भोज में प्रदेश अध्यक्ष सनी यादव, राम बहादुर सिंह मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र सिंह, अपर्णा बरनवाल, पूनम बरनवाल, राष्ट्रीय संरक्षक नीता प्रसाद, चंपा बरनवाल, मोहनी खन्ना, दिव्यांश सिंह, अवधेश तिवारी, मुन्ना पांडे, अर्जुन सिंह, रामफेर बबुआ हलवाई, बिहारी कोषाध्यक्ष पूनम सिंह आदि मौजूद थे।

## पूरे देश में कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में उतरी, राजभवन मार्च निकालकर दर्ज कराया विरोध – अजय कुमार लल्लू

संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर आज किसान अधिकार दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश में तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले 50 दिनों से दिल्ली बार्डर पर भीषण ठण्ड और बारिश में अपनी मांगों के समर्थन में आन्दोलनरत अन्नदाता किसानों के समर्थन में उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी द्वारा राजधानी लखनऊ में राजभवन घेराव का कार्यक्रम आयोजित कर संघर्षरत किसानों की आवाज को बुलन्द किया गया। योगी सरकार की तानाशाही और दमनकारी रवैये के चलते सरकार के इशारे पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को उनके आवास से निकलते ही कायरतापूर्ण तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके साथ कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता दीपक सिंह, पूर्व मंत्री आर0के0 चौधरी सहित सैंकड़ों कांग्रेसजनों को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर इको गार्डेन भेज दिया गया।

# राम मंदिर निर्माण सहयोग अभियान के प्रभारी होंगे नगर अध्यक्ष संतोष सोनी

संवाददाता

रायबरेली । विश्व हिंदू परिषद द्वारा संपूर्ण देश में श्री राम जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान की शुरुआत 15 जनवरी से हो रही है इसके लिए रायबरेली में विश्व हिंदू परिषद ने नगर कार्यालय स्थापित किए हैं जिससे संपूर्ण अभियान को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। अभियान के प्रमुख संतोष सोनी एवं सह प्रमुख राकेश तिवारी ने संयुक्त बयान जारी करके बताया की 15 जनवरी को नगर में तमाम स्थानों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति श्री राम मंदिर निर्माण के लिए अपनी सहयोग राशि प्रदान करेंगे इसके बाद बस्ती की टोलियां नगरों में भ्रमण करके विशिष्ट जनों से समर्पण के लिए संपर्क करेंगी तथा 1 फरवरी से प्रत्येक परिवारों में संपर्क किया जाएगा जिसके लिए ध10 ध100 और ध1000 के कूपन जारी किए गए हैं उन्होंने यह भी बताया यह अभियान आम जनमानस को इस मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है जिसमें लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं नगर में मातृ शक्तियों की विभिन्न स्थानों पर बैठक भी जारी है। आज कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य रूप से । पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष महेश गुप्ताश जिला संघ चालक जी.डी द्विवेदी, राम चंद ,प्रांत प्रचारक प्रमुख अवधा, डॉ अवधेश विभाग प्रचारक , गया प्रशाद , प्रमोद श्रीवास्तव, राम मनोहर पटेल, दिनेश , बलराम , आलोक, अनन्त , सन्दीप जैन ,अजय कार्यालयों के उद्घाटन में भाग लिया।

# एक और पुलिया क्षतिग्रस्त हुई

संवाददाता

डलमऊ रायबरेली। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते एक के बाद एक पुलिया क्षतिग्रस्त हो रही है। जिससे राहगीरों को आवागमन करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों को इस समस्या से कोई लेना देना नहीं है। डलमऊ रायबरेली मुख्य मार्ग पर स्थित सराय दिलावर के पास एक माह से पुलिया पर दरार पड़ी हुई थी। परंतु समय रहते विभागीय अधिकारियों ने पुलिया की मरम्मत नहीं करा सके गुरुवार को पुलिया के ऊपर से गुजर रहे एक ट्रक की वजह से सुबह के समय ही पुलिया एक तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई माईनर चली गई। फिलहाल मौके पर कोई हादसा नहीं हो सका है लेकिन पुलिया के टूटने की वजह से लोगों को आवागमन करने में सबसे ज्यादा परेशानी उत्पन्न हो रही है। इससे पूर्व डलमऊ फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मकनपुर रोड के पास पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों को आवागमन करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया का निर्माण कार्य मंद गति से चल रहा है। जिसके चलते शवदाह यात्री श्मशान घाट तक पहुंचने में उन्हें चक्कर काटना पड़ रहा है इसके साथ ही डलमऊ कस्बे के डाकघर के पास भी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से श्रद्धालुओं के साथ–साथ राहगीर भी परेशान है। काफी वर्षों से मुख्य मार्गों पर ध्वस्त पुलियों की मरम्मत कार्य ना होने से दिन प्रतिदिन उक्त मार्गों की पुलिया क्षतिग्रस्त हो रही है।

# मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता

डलमऊ रायबरेली। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने कस्बे के विभिन्न घाटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई साथ ही परिवार कल्याण के लिए मन्नते मांग इसके पश्चात तीर्थ पुरोहितों को खिचड़ी दान किया। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गंगा नदी में स्नान करने के लिए कस्बे के विभिन्न स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा के तट पर एक दिन पहले ही पहुंच गए वही प्रातकाल होने पर गंगा नदी में हर हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालु डुबकी लगाने लगे। गंगा नदी में स्नान करने के पश्चात श्रद्धालुओं ने घाटों के पास स्थित देवी–देवताओं के मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना भी की इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने अपने–अपने तीर्थ पुरोहितों को खिचड़ी वस्त्र दान फलदान मुद्रा दान देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

जगह–जगह हुआ खिचड़ी भोज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर डलमऊ गंगा घाट पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया इस दौरान गंगा नदी में स्नान करने के पश्चात श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी चखा खिचड़ी भोज का आयोजन खंडेश्वरी आश्रम के साथ–साथ सड़क घाट और मुराई बाग में हुआ इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने खिचड़ी भोज भंडारे का प्रसाद चखा। मुराई बाग चौराहे पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य, और व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं के सहयोग से खिचड़ी भोज का कार्यक्रम संपन्न कराया गया इस दौरान पथवारी शंकर, राम शर्मा, सीताराम कौशल, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पावर हाउस गुरबख्शगंज द्वारा की गई लापरवाही से एक परिवार का उजड़ा आशियाना,अभी तक नहीं पहुचे विद्युत विभाग के अधिकार


संवाददाता
रायबरेली–गुरूबक्शगंज–थाना गुरबक्श गंज के अंतर्गत कोरिहर ग्राम सभा में दिनांक 13 जनवरी 2021 को लगभग 11:00 बजे विजय कुमार लाइनमैन संविदा कर्मी पावर हाउस गुरबक्श गंज के अंतर्गत कार्य कर रहा था, उस दिन नियमित रूप से कार्य करके 11हजार लाइन में लगे रामबाबू कुशवाहा के घर के सामने एक ट्रांसफार्मर को सही करने के लिए संविदा कर्मी ने बाकायदा पावर हाउस के आनड्यूटी एसएसओ सूर्यकांत त्रिवेदी से शटडाउन लिया तत्पश्चात वह लाइन दुरुस्त करने के लिए खंबे पर चढ गया काम करते करते ही लाइन में अचानक करंट दौड़ने लगी और वह कुछ समझ पाता कि उसका शरीर जलने लगा जलते जलते ही खंबे से नीचे गिर पड़ा, आनन–फानन में वहां मौजूद उपस्थित ग्रामीणों ने तुरंत ही उसको जतुआ सीएससी में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जिला अस्पताल में इमरजेंसी में जब उसका इलाज चला, प्राथमिक इलाज करने के बाद वहां के डॉक्टरों ने भी उसे लखनऊ रेफर कर दिया, उस दिन से आज तक इलाज चल रहा था इलाज के दौरान ही उसकी रात में मृत्यु हो गई इतना सब कुछ होने के बावजूद भी ना तो गुरुबक्शगंज पावर हाउस का अवर अभियंता वहां पहुंचा ना ही किसी बड़े अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लेकर कोई कार्यवाही की ।



क्या प्रशासन इन संविदा कर्मियों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ करता ही रहेगा क्या उनकी नजरों में संविदा कर्मी की जिंदगी का कोई मायने नहीं है यदि इसी तरीके लाइनमैनो के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा तो दिन प्रतिदिन ऐसे हादसे होते जाएंगे जिसकी 4 बच्चियां एक छोटा बच्चा और पत्नी है और बीच मझधार में ही ऐसा कोई घटना घट जाए जिससे उसका परिवार बुरी तरीके से बिखर जाए इकलौता होने के साथ–साथ उसके परिवार वालों में अब कोई उसे संभालने के लिए नहीं बचा और ना तो अधिकारियों ने इसकी कोई सुध ली और ना मौके पर पहुंचकर किसी प्रकार की कोई सहायता की विजय की पत्नी ने आज सुबह थाना गुरबक्श गंज में अपनी प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करवाई थाना प्रभारी ने तत्काल प्रभाव को इस मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत ही कार्यवाही करने के आदेश दिए जिसमें उन्होंने अवर अभियंता और एसएसओ सूर्यकांत त्रिवेदी के खिलाफ धारा 287/304 । के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया जबकि कहीं ना कहीं इस अवर अभियंता अमृत लाल पाल के काले कारनामों की फेहरिस्त मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में पहले से मौजूद भी है परंतु अधिकारी है कि मानता नहीं और मामले को ठंडे बस्ते में रख कर बिना जांच के रिपोर्ट लगा देना उच्च अधिकारियों की फितरत सी बन गई है गुरबख्शगंज अवर अभियंता काफी दिनों से पेपरों के बड़े–बड़े पन्नों में बने रहने की आदत सी बन गई है।

# राम कथा के प्रथम दिवस पर संस्कारित जीवन पर हुई चर्चा

संवाददाता
लालगंज रायबरेली ।चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज के प्रांगण में चल रही श्री रामकथा



के प्रथम दिन के अवसर पर स्वामी डॉक्टर तुला धर शास्त्री जी द्वारा जीवन मे संस्कार के महत्त्व के बारे मे बच्चों को बताया गया।,प्रथम दिवस के अवसर पर श्री राम कथा के आयोजक ओम प्रकाश शुक्ल के द्वरा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और शास्त्री जी का पूजन बंदन किया गया। स्वामी डॉक्टर तुलाधार शास्त्री ने रामकथा पर चर्चा करते हुए बताया कि मानव जीवन चार भागों में विभाजित है ।कलियुग में संस्कार ,शिक्षा , साधन और साधना से युक्त जीवन के लिए भगवान श्री राम की कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में संस्कार माता–पिता से मिलते हैं। शिक्षा गुरुजनों से मिलती है। साधन के लिए स्वयं जुगत करना पड़ता है ।वही साधना के लिए आध्यात्मिक गुरु की जरूरत होती है। गौरतलब है कि चंद्र शेखर स्कूल में शुक्ला बंधुओं ओम प्रकाश शुक्ला और दीप प्रकाश शुक्ला के द्वारा श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। राम कथा 19 जनवरी तक चलेगी। प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक प्रसिद्ध विद्वान डॉक्टर तुला धर शास्त्री के मुखारविंद से राम कथा का वाचन होगा ।इस अवसर पर अखिलेश पांडे ,शैलेंद,प्रवीण ,कमलेश, सहित दुर्गा पंडित ,जितेंद्र आचार्य व सैकड़ों पुलिस पुरुष महिलाएं मौजूद रहे । विद्यालय के परिवार के सभी सदस्यों ने पूजन मे भाग लिया।

# प्रसपा उपाध्यक्ष ने अमदहा में बांटे कम्बल

संवाददाता
बाराबंकी। शिरडी साईं मन्दिर अमदहा में मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राम प्रधान साहब सरन मौर्य (गुड्डु) के संयोजन में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह यादव जमुवासी ने ग्राम पंचायत के दो सैकड़ा से अधिक व्रद्ध, दिव्यांग एव निराश्रित महिलाओ को खिचड़ी खिलाते हुए कम्बल वितरण किया। कम्बल पाकर ग्रामीणों के ह्रदय से निकलने वाले आशीर्वाद उनके चेहरे के माध्यम से भी स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहे थे। शिरडी साईं मन्दिर परिसर में आयोजित कम्बल वितरण से प्रसपा नेता धर्मेन्द्र यादव ने साईं बाबा को नमन करते हुए आरती की तथा कहा कि गरीब एव असहाय की सेवा करने से मन को शांति मिलती है। उन्होंने ग्राम प्रधान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज समाज में इनके जैसे समाजसेवियों की ही आवश्यकता है जो अपना सर बुलंदी पर होते हुये भी पैर जमीन पर टिकाये हुए हैं। श्री यादव ने कहा कि गरीब एवं असहाय की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।

लिहाजा आप सब अपनी सामर्थ्य के अनुसार इस पुनित कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर लोगो की मदद करे। समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने शिरडी साई को नमन करते हुए कहा कि गरीबो की मदद करने से भगवान खुश होते है और गरीबो की दुआएं मिलती है। ग्राम प्रधान साहब सरन मौर्य( गुड्डु) ने कहा कि गरीबों की सेवा पुनीत कार्य होती है। गरीबों एवं असहायों को कंबल देकर हम उन पर कोई एहसान नही कर रहे हैं। बल्कि सामाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश कर रहें है। ग्रामीणों को कंबल वितरण के साथ साथ मन्दिर परिसर में समरसता भोज आयोजित कर खिचड़ी खिलायी गयी जहां पर भारी तादात में ग्रामीण उपस्थित रहे।इस मौके पर मन्दिर के पुजारी राजू शुक्ला, गिरीशचन्द्र मौर्य, नीरज कुमार, घनश्याम यादव, राहुल यादव दिनेश मौर्य, नौमीलाल यादव, मुंन्ना मौर्य, कपिल मौर्य, बद्रीप्रसाद मौर्य, बाबू खान, ओमकार मौर्य, आयुष मौर्य, रामसिंह मौर्य, तसव्वर अली सहित भारी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

# विवेकानंद जयन्ती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता
बाराबंकी। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान मे विकास खंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत गोरपुर में विश्व भारतीय संस्कृति के ध्वज वाहक और युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद के जन्म के उपलक्ष में आयोजित युवा सप्ताह केअन्तर्गत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धर्मपाल के द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए युवा पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई, ।जिसमें लगभग 3 दर्जन से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया, और स्वामी के जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई और बताया कि विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1963 को कोलकाता के एक कायस्थ परिवार में हुआ था, इनके बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त और पिता का नाम श्री विश्वनाथ दत्त था, जो कोलकाता हाईकोर्ट के प्रसिद्ध वकील थे और माता का नाम भुवनेश्वरी देवी जो एक कुशल ग्रहणी थीयह भी बताया गया कि 30 वर्ष की आयु में स्वामी ने शिकागो अमेरिका में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सर्वभौमिक पहचान दिलाई गई ।गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने कहा था कि यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो विवेकानंद को पढ़िए उनमें आप सबकुछ सकारात्मक ही पाएंगे नकारात्मक कुछ भी नहीं, प्रतियोगिता मे वैसे तो सभी ने अपनी अपनी प्रतिभा का पूर्णरूपेण प्रदर्शन किया गया लेकिन अंत में प्रथम ओंकार, द्वितीय अमन पटेल, तृतीय सहवाग पर रहे। इस अवसर पर गाँव के विशेष व्यक्ति विनोद कुमार वर्मा, बसंत कुमार वर्मा और नेहरू युवा मंडल गोरपुर, नेहरू युवा मंडल पूरे दुनिया सिंह के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# कोतवाली में छात्राओं के साथ नारी सशक्तिकरण पर गोष्ठी

संवाददाता
बाराबंकी। छात्राओं से नारी सशक्तिकरण पर चर्चा करते हूए प्रभारी निरीक्षक नारद मुनि सिंह ने बताया–पुलिस आपकी मित्र हैं। आपको किसी भी प्रकार की समस्या हो आप हमारे पास आ सकतें हैं।हम हर संभव आपकी मदद करेंगे। महिला हेल्पलाइन नंबरों 112,1090,181 पर तत्काल शिकायत कर सकते हैं।आपका नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा और आपके शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। आपकी सुरक्षा के लिए हर थानों पर महिला एंटी रोमियो टीम की गठित है।जो क्षेत्रों में शोहदों को सामान्य नागरिक बनकर भी अच्छा सबक सिखाती हैं। क्षेत्राधिकारी पंकज सिंह ने बताया–इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से छात्राओं के बीच उत्साह उत्पन्न होता है। पुलिस के कार्यों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है।आप निसंकोच अपनी समस्याओं हम तक पहुंचाएं। हम आपके भाई हैं। इस दौरान छात्राओं को कोतवाली का भ्रमण कराया गया जिसमें महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय,बंदी गृह,माल गृह के कार्यों को सुचारू रूप से बताया गया।प्रभारी निरीक्षक द्वारा कालेज की छात्रा काजल सिंह को कुछ समय के लिए प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। काजल सिंह ने कई फरियादियों की समस्या को सुना और उन्हें कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।प्रभारी निरीक्षक काजल सिंह ने टिकैत नगर तिराहे का भ्रमण भी किया। बिना हेलमेट और बिना मास्क के टहल रहे लोगों व वाहनों का चालान भी किया।इस मौके पर प्रबंधक उमेश चंद्र सिंह, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र मिश्र, शिक्षिका पूजा सिंह, उपनिरीक्षक सौम्य जायसवाल, उपनिरीक्षक सुभाष,एंटी रोमियो प्रभारी प्रिया सिंह, शिवम् मिश्रा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 90 ग्राम के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता, बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गस्त से लौट रही सफदरगंज पुलिस ने मुश्कीनगर रेलवे क्रासिंग के निकट से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे 90 ग्राम मार्फीन बरामद की पुलिस ने अभियुक्त एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। रात्रि गस्त पर निकले चौकी प्रभारी रामपुर कटरा रविन्द्र यादव, उपनिरीक्षक अशोक यादव हमराही हेड कॉन्स्टेबल शिवकुमार एव प्रशान्त त्रिपाठी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली एक युवक मुश्कीनगर रेलवे क्रासिंग पर सन्दिग्ध रूप से खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रेलवे क्रासिंग के निकट से रंजीत यादव पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम गोपालपुर थाना देवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 90 ग्राम मार्फीन बरामद की अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## महाविद्यालय प्रबंधक 200 ग्रामीणों में बांटे कम्बल

संवाददाता
बाराबंकी। ब्लाक दरियाबाद अंतर्गत कमोली गांव मे विमला देवी हरिहर सिंह स्मारक महिला महाविद्यालय के प्रबंधक आकाश सिंह द्वारा फिरोजपुर लोधपुरवा, के 200 लोगो को गर्म कम्बलो का वितरण किया गया। प्रबंधक हर वर्ष सर्दी के सीजन में गरीब परिवारों को कंबल का वितरण वे करते चले आ रहे है जिसमें बुजुर्ग,महिलाओं, व बच्चों को भीषण सर्दी से बचने के लिए कंबल का वितरण किया जाता है। इस मौके पर मानसिंह पुनीत वर्मा अरविंद वर्मा कल्लू रावत किशोरी वर्मा दिनेश सुरेश शिवराम वर्मा सहित अन्य लोगों ने कंबल वितरण में प्रबंधक का सहयोग किया।

## एसडीएम ने चंदवारा में वरासत की तस्दीक की

संवाददाता, बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा मृतक खातेदारों की वरासत के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उपजिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डेय एव नायब तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत चिलौकी एव चंदवारा में चौपाल लगाकर वरासत की तस्दीक की। ग्राम पंचायत चिलौकी में 5 एव ग्राम पंचायत चंदवारा में 16 वरासत के मामलो को पढ़कर सुनाया गया जिसमें चंदवारा के 16 में से 12 वरासत के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 4 मामले लम्बित है जिन्हें शीघ्र ऑनलाइन वरासत दर्ज कराने के निर्देश हल्का लेखपाल को दिया वही ग्राम पंचायत चिलौकी के 5 मामलो में 4 मामलो की वरासत हो चुकी है तथा एक मामला लम्बित है।

## तीस पक्षियों की संदिग्ध मौत,गांव में दहशत

सवाददाता
बलरामपुर। विकासखण्ड पचपेड़वा अन्तर्गत अचानक ग्राम पंचायत नरायनपुर थुम्हवा के पुरवा नरायनपुर के निवासी नंद प्रसाद चौरसिया ने बताया कि गांव के पूरब आम, शीशम, सागौन का बाग है, जहां पर मैं सब्जी की खोती करता हूं। बृहस्पतिवार सुबह खेत पर पहुंचा तो वहां पर पूरे बाग में जहां–तहां तोता, मैना, गौरैया आदि अन्य प्रजाति के लगभग 30 की संख्या में पक्षी मरे हुए पड़े थे। यह सूचना पूरे गांव में फैल गई। मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी प्रशांत कुमार गौतम व पशु चिकित्सा अधिकारी हरैया सतघरवा राजेश प्रसाद ,पशुमित्र रामविलास विश्वकर्मा घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि पक्षियों के मरने का मामला संदिग्ध है। मृत पक्षियों को इकठ्ठा कर एक पक्षी को भोपाल भेजा जाएगा ,जिसकी जांच लैब में कि जाएगा ।शेष पक्षियों को वहीं जमीन के नीचे मिट्टी में दबा दिया गया है। अचानक इतनी संख्या मे पक्षियों की मौत चर्चा का विषय बना हुआ है।

# खेलकूद के विजेताओं में बांटे गए पुरस्कार

संवाददाता
बाराबंकी। विकास खण्ड मसौली के ग्राम छुलिहा पुरवा में आँखें फाउण्डेशन द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत युवादिवस पर बच्चों की खेल कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ समपन्न कराई गई। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुए ऑखें फाउण्डेशन के समन्वयक रजत बहादुर वर्मा ने कहा कि बच्चे ही देश की भावी नींव हैं जैसे बनाओगे वैसे ही देश बनेगा। व्यक्तित्व का विकास घर मे नहीं खुले समाज मे ही होता है। हर बच्चे को विकास की ऊंचाई चढ़ने के हक है। इस हक से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर संयोजक कुलदीप वर्मा ने सभी विजेताओं की हौसला अफजाई की और पुरस्कार उपलब्ध कराए। एस्टम्पोर में प्रथम सिद्धान्त पटेल दौड़ में छवि वर्मा कूद में लक्ष्य पटेल, तथा खुशी ,आदर्श अंस, करन दूसरे स्थान पर रहे। खेलकूद व प्रतियोगिता आयोजन में संदीप वर्मा, कुलदीप वर्मा रिजवान अली रोहित, सुरेश धीमान, हंसराज सिंह जसवन्त सिंह, अरुण वर्मा सुरेन्द्र आदि ग्रामवासी जन मौजूद रहे।

# ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा करता है:आर एन यादव

संवाददाता
अयोध्या। फैजाबाद मण्डल में सुकन्या समृद्धि एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा का महामेला का आयोजन प्रवर अधीक्षक डाकघर फैजाबाद मण्डल आर एन यादव की अध्यक्षता में किया गया द्य चौरेबाजार के बेनीपुर चंदौली व मिल्कीपुर के परसवां खुर्द शाखा डाकघर के महामेला में श्री यादव ने शिरकत किया और कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका अदा करता है ग्रामीण डाक जीवन बीमा से इंसान अपनी आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकता है द्य यह ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त तथा अधिक बोनस भुगतान देता है इसलिए जनता को इसका सीधा लाभ मिलता है द्य उन्होंने जनता से इस ग्रामीण डाक जीवन बीमा को अपनाने के लिए अपील किया और फैजाबाद मण्डल के सभी डाकपालों को अपने अपने क्षेत्र के जनता को सूचीबद्ध करके ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़ने के निर्देश भी दिए । साथ ही श्री यादव ने कहा कि बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए डाकपाल अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए सुकन्या समृधि खाता के लिए वह प्रत्येक परिवार के घर घर तथा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, एवं निजी अस्पतालों में जाकर बेटियों के भविष्य को सवारने के लिए सुकन्या समृधि खाता खोले । जिससे सभी बेटियों को समृधि बनाया जा सके और भविष्य में वह अपनी आवश्यकता को पूरा कर सके । इस अवसर पर सहायक अधीक्षक डाकघर एस आर भारती एवं डाक निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सुकन्या खाता 10 वर्ष से कम बेटियों का रु 250 से खाता खोलकर अगली धनराशि 100 से लेकर डेढ़ लाख तक जमा करके 21 वर्ष पर लाखों धन इकट्ठा किया जा सकता है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि डाकघर में जीवन को सुरक्षित करने के लिए ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी चल रही है द्य इस दौरान मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जयशंकर प्रसाद वर्मा अम्बिका यादव, घनश्याम पाण्डेय, अनीता पाण्डेय, राम मिलन दुबे, सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

# 'हर विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तक पहुँचने के संकल्प के साथ एनएसयूआई यूपी सेन्ट्रल की कार्यकारणी बैठक सम्पन्न

संवाददाता
लखनऊ । यूपी सेंट्रल जोन के अध्यक्ष अनस रहमान और एनएसयूआई के राष्ट्रीय सह प्रभारी श्री सचिन द्विवेदी की मौजूदगी में आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एनएसयूआई उ0प्र0 मध्य जोन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक व भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गयी। बैठक में राष्ट्रीय सह प्रभारी सचिन द्विवेदी ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में स्कालरशिप, आरक्षण, शिक्षा पर घटता खर्च और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। उन्होने आगे कहा कि शिक्षा के निजीकरण, उच्च शिक्षा के बजट में लगातार हो रही कटौती, शिक्षा के भगवाकरण और छात्र संघों की अघोषित तालाबंदी के खिलाफ एनएससयूआई संघर्ष करेगी। उन्होने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि छात्रसंघों की तालाबंदी करके लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है। लेकिन एनएसयूआई के कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए और लोकतंत्र के लिए अपने संघर्ष को जारी रखेंगे। योगी सरकार एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर कितने भी मुकदमें लाद दे और जेल भेजे। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालय सहित डिग्री कालेज विधानसभावार और ब्लॉक स्तर पर एनएसयूआई की कार्यकारिणी गठित करने पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेन्द्र प्रताप सिह, श्री शैलेश शुक्ला, विशाल वर्मा, महासचिव शिवतेन्द्र, जीशान, सौरभ आदि मौजूद रहे। बैठक में एनएसयूआई लखनऊ के अध्यक्ष मोहम्मद तारिक, प्रशासन प्रभारी मोहम्मद शारिक अनीस सहित 24 जिलों के एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। इस मौके पर इस्लामियां, केकेसी, बीबीडी, एमिटी आदि कालेजों के सैंकड़ों छात्रों ने एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें प्रमुख रूप से जुहेर खान, ठाकुर प्रथम, जतिन खन्ना, कुनाल मिश्रा, अनिमेश मिश्रा, चन्द्र प्रकाश, वंश श्रीवास्तव, विश्वास, एकांश द्विवेदी, अनिरूद्ध प्रताप, पवन साहू, हिमांशु सिंह, अविरल सिंह, अफजल खान, रिषभ गंगवार, गौरव मिश्रा, फैयाज, फरजान आदि शामिल रहे।

# क्या सरेनी के दुर्गाचरण को मिलेगा न्याय,दो बार लगा चुका है थाने के साथ तहसील दिवस में गुहार

संवाददाता
रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी कि योगी सरकार ने गरीबों की जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर अंकुश लगाने के लिए अपनी सख्ती दिखाई थी। परंतु सरेनी थाना क्षेत्र में एक गरीब परिवार के साथ कुछ ऐसा देखने को मिला जिसमें सरकार के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी सरेनी के ग्राम डूंडी मजरे भोजपुर निवासी दुर्गा चरण उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्व0 गया प्रसाद ने तहसील लालगंज में तहसील दिवस में गाँव के ही विशेसर और सोनू के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है जिसमे कहा है कि उसकी एक कोठरी बनी थी । विपक्षीगण प्रार्थी की कोठरी को जबरदस्ती गिरा रहे है । जिसकी शिकायत प्रार्थी के द्वारा थाना प्रभारी सरेनी को 3 जनवरी और 4 जनवरी शाम को 7 बजे सूचित किया था और जब सूचना के बाद भी पुलिस नहीं पहुची तो डायल 112 व 1076 में भी फोन किया था ।किंतु फोन करने पर भी कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा और विपक्षियों के द्वारा मेरी कोठरी की दीवाल गिरा दी गई और मना करने पर माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियां



देने लगे और जान से मार डालने की धमकी देने लगे । बताते चलें कि विपक्षी विशेसर उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 भगौती प्रसाद निवासी ग्राम डूंडी मजरे भोजपुर थाना सरेनी रायबरेली के विरुद्ध प्रार्थी ने 2/3 जनवरी की रात्रि लगभग 3 बजे अपने 3 अज्ञात साथियों के साथ प्रार्थी की कोठरी की पूर्वी दीवाल को गिरा देने की शिकायत पुलिस से दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने जब दीवाल गिराने का कारण सुबह पूंछा तो माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी भी दी। विपक्षी किस प्रकार के सरहंग है इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि 4 जनवरी शाम को करीब 7 बजे सरहंगी से गांव के विशेसर पुत्र स्व0 भगौती प्रसाद और सोमवंशी खेड़ा गांव के सोनू पुत्र महेश व तीन अज्ञात लोगों ने प्रार्थी की कोठरी गिरा दिया मना करने पर माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुये हमलावर हो गये और जान से मार डालने की धमकियां देने लगे । प्रार्थी व प्रार्थी के परिजनों ने सोनू को मौके पर दीवाल गिराते हुये पकड़ लिया था लेकिन गांव के शिवचरण पुत्र सीताराम ने उसे छुड़वा दिया था । घटना को गांव के तमाम लोगो ने देखा व सुना था ।जिसकी भी शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पहले की तरह इस बार भी उनकी एक ना सुनी गई। अब पीड़ित ने एक बार फिर तहसील दिवस में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है देखना यह है कि जहां से उसको न्याय मिलता है या नहीं।

# पीड़ित किशोरों ने बयां किए भाजपा नेता के घिनौने इरादे, बोले- नहीं मंजूर था मां-बहन की इज्जत का सौदा

संवाददाता
उरई/जालौन। नाबालिगों को यौन उत्पीड़न का शिकार बनाने वाला भाजपा नेता रामबिहारी उनकी मां–बहनों पर भी बुरी नियत रखता था। इसका खुलासा एफआईआर दर्ज होने के बाद दोनों नाबालिगों ने किया। दोनों किशोरों ने पुलिस को बताया कि जब तक रामबिहारी उनके अश्लील वीडियो की आड़ में उनका यौन उत्पीड़न करता रहा, तब तक उसकी हरकतें बर्दाश्त की गई लेकिन पिछले कुछ दिनों से वह घर में रहने वाली मां और छोटी बहनों को भी साथ लाने की धमकी देने लगा था।उनकी इज्जत बचाने के लिए एक बार तो नेता को जान से मारने का मन सा बन गया, फिर गुनाहों के दलदल में फंसने के बजाए उस हार्ड डिस्क को ही चोरी करने का फैसला किया, जिसमें उनके अश्लील वीडियो कैद थे। पुलिस का कहना है कि रामबिहारी की ओर से दिया गया चोरी का प्रार्थना पत्र ही पूरे मामले के खुलासे का कारण बना। जिस वीडियो क्लिप को रामबिहारी धमकाने के लिए इस्तेमाल करता था, उसी ने आज उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। वहीं इलाकाई लोगों ने बताया कि रामबिहारी पूर्व में लेखपाल और भाजपा नेता जरूर था लेकिन मदद सिर्फ उन्हीं लोगों की करता था, जिनके परिवार का कोई नाबालिग उसके शौक पूरे करते था। पीड़ित नाबालिगों ने भी कभी रुपये तो कभी जूते आदि देने की बात स्वीकारी है। रामबिहारी अपनी नौकरी के दौरान कुछ समय के लिए किन्हीं कारणों से कानूनगो के पद पर कार्यरत रहा था लेकिन उसकी सेवानिवृत्ति लेखपाल पद से ही हुई थी। इसकी पुष्टि तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा ने की।

रौब गांठने के लिए वह स्वयं को कानूनगो भी बताता था।रामबिहारी से नाबालिग और मोहल्ले के लोग ही नहीं परेशान थे बल्कि पुलिस भी उससे दूरी बनाकर ही रखती थी। पुलिस पर अपना दबाव बनाने के लिए वह आए दिन पुलिस अधिकारी की शिकायतें किया करता था। इन अधिकारियों में कोतवाली में तैनात रहे एक सीओ और इंस्पेक्टर का नाम शामिल है। भाजपा भले ही अब रामबिहारी से अपना पल्ला झाड़ रही हो लेकिन सोमवार की जिस रात उसे पुलिस पकड़कर कोतवाली लाई, उस पूरी रात नगर के भाजपा नेताओं के फोन थानेदार और दरोगाओं के मोबाइल पर घनघनाते रहे और एफआईआर दर्ज होने के बाद ही फोन आना बंद हुए।

# कार ओवरटेक करने में मारपीट

संवाददाता
उरई/जालौन। कार ओवरटेक को लेकर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अरविंद राठौर की कुरसेड़ा में जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मध्य प्रदेश के भिंड निवासी हाल निवास चितौरा चौराहा निवासी विष्णुपाल सिंह पुत्र सर्वेश सिंह



ननिहाल आए युवक के साथ मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने थाना में तहरीर दे दी है। गोहन एसओ राजीव कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर आ गई है भदौरिया गुरुवार शाम ननिहाल कुरसेड़ा गांव कार से गए थे। कार रोड पर खड़ी थी। तभी निमंत्रण खाकर माधौगढ़ लौट रहे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि माधौगढ़ अरविंद राठौर की ओवरटेक को लेकर विष्णुपाल सिंह से कहासुनी हो गई। देखते देखते दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अरविंद ने माधौगढ़ से युवकों को बुला लिया। बाइक से पहुंचे युवकों ने विष्णुपाल सिंह की पिटाई करने लगे। अपने को पिटता देख विष्णु प्रताप सिंह ने गांव में आवाज लगा दी। आवाज सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सहित युवकों की पिटाई कर दी। दोनों पक्ष ने गोहन थाने में तहरीर दे दी है। ब्लाक प्रमुख के पक्ष से दो लोगों के खिलाफ व विष्णु प्रताप सिंह की ओर से पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कोहरे और सर्द हवाओं से कांपे लोग

संवाददाता
उरई/जालौन। शुक्रवार कड़ाके की सर्दी रही। शुक्रवार की सुबह कोहरे की चादर ने लोगों को तेज सर्दी का एहसास कराया। पारा भी साढ़े छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालत यह रही कि लोगों को सुबह नौ बजे तक कोहरे के कारण वाहनों की लाइट जलाकर निकलना पड़ा। सर्दी और कोहरे का असर ट्रेन संचालन पर भी पड़ रहा है। झांसी कानपुर रेलवे ट्रैक पर सुबह हुए कोहरे के कारण सात यात्री ट्रेनें आधा घंटे से ढाई घंटे देरी से आई। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। इंदौर से पटना एक्सप्रेस 33 मिनट, लखनऊ से मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस 51 मिनट, पटना से इंदौर एक घंटा 29 मिनट, प्रतापगढ़ से भोपाल 2 घंटा 35 मिनट, मुंबई से लखनऊ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस 34 मिनट, दरभंगा से अहमदाबाद जाने वाली साबरमती एक घंटा 48 मिनट, गोरखपुर से मुंबई कुशीनगर एक्सप्रेस 1 घंटा 59 मिनट देरी से उरई स्टेशन पर आई। कोहरे का असर इतना रहा कि सरसौखी भुआ सेक्शन के बीच ट्रेनों को सतर्कता आदेश देकर निकाला गया।

## ट्रक चालक की ठंड से मौत

संवाददाता
बांदा। ट्रक क्लीनर की ठंड से मौत हो गई। नरैनी क्षेत्र के कालिंजर गांव निवासी रामचंद्र (43) पुत्र रामखिलावन ट्रक क्लीनर था। गुरुवार की दोपहर ट्रक लेकर बांदा आ रहे थे। रास्ते में उसकी हालत बिगड़ी तो ट्रक वहीं छोड़कर टेंपो से घर आ गया।
कुछ ही देर में मौत हो गई। फतेहगंज थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी पिता ने बताया कि घटना के ट्रक में जाने से पहले रामचंद्र खेत में पानी लगा रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## लखनऊ के पहलवान ने कन्नौज के राजू को पछाड़ा

संवाददाता
बांदा। जौहरपुर गांव में आयोजित दंगल में पहलवान मनीष (लखनऊ) ने राजू (कन्नौज) को चित कर दिया। कुलतार सिंह (जम्मू) ने प्रवेश (सहारनपुर), मिट्ठू (जम्मू) ने गोगी (चंडीगढ़) को हराया। राकी (दिल्ली) ने राहुल (हरिद्वार) को पटकनी दी। हरिद्वार से सावेज और सहारनपुर के वकार, दिल्ली के नरेश और हरिद्वार के राहुल, फतेहपुर के अखिलेश और मिरगहनी के मनीष की कुश्तियां बराबरी पर रहीं। आयोजक सानू सिंह ने विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। पूर्व प्रधान बेंदा विवेक सिंह, रामकरण सिंह बच्चन, शिवभवन सिंह, निवर्तमान प्रधान मुरवल आलोक मिश्रा, निवर्तमान प्रधान सेमरी कमलेश बाजपेयी आदि मौजूद रहे। संचालन गणेश द्विवेदी ने किया।

## सोलर सिस्टम चोरी

संवाददाता
फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के कस्बा सम्पर्क मार्ग पर लगे सोलर सिस्टम को चोरी कर लिया गया। योगेश तिवारी नें पुलिस को सूचना दी। इसके साथ ही दूसरी जगह रणधीर चौहान निवासी राजेपुर के घर के पीछे से मोटर चोरी हुई और ट्रैक्टर में लगी बैट्री चोरी कर ली गयी। कस्बा चौकी इंचार्ज नें संजय मौर्य नें बताया कि तहरीर मिली है जाँच की जा रही है।

# जयपुर से आई महिला की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता
उरई/जालौन। जयपुर की महिला ने नगर की किशोरी के साथ फेसबुक पर दोस्ती की और गुरुवार को उसे लेने उसके घर पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उरई में महिला थाने भेज दिया था। शुक्रवार जयपुर से महिला के भाई व भाभी कोतवाली आए। दोनों को पुलिस ने महिला थाने भेजा है। जयपुर की एक मुस्लिम महिला की नगर की एक किशोरी से फेसबुक पर दोस्ती हो गई थी। फेसबुक पर हुई दोस्ती में बने संबंध फोन पर बातचीत से प्रगाढ़ हो गए। गुरुवार सुबह महिला जयपुर से किशोरी के घर पहुंच गई और उसे साथ ले जाने लगी। लड़की भी जाने के लिए तैयार थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। इसके बाद लड़की के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। दिनभर समाधान न निकलने पर पुलिस ने देर रात किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और महिला को महिला थाना उरई भेज दिया। महिला के बताए पते पर संपर्क पर परिजनों को बुलाया गया। शुक्रवार को महिला के भाई अब्बास और उनकी पत्नी जयपुर से जालौन कोतवाली पहुंची। डा. यशवीर सिंह का कहना है कि महिला के परिजनों व महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जयपुर से भी महिला के बारे में जानकारी कर रही है। महिला गलत पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर में बंधक बना दबंगों ने किसान को किया लहूलुहान

संवाददाता
बांदा। खलिहान की भूमि के विवाद में दबंगों ने किसान को घर में बंधक बनाकर पीटा और कुल्हाड़ी से लहूलुहान करने के बाद उसे रास्ते में फेंककर भाग निकले। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, पत्नी से छेड़छाड़ का उलाहना देने पर पड़ोसी दबंगों ने पति पर फरसे से हमला कर दिया। पत्नी को भी लाठियों से पीटा। पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मटौंध थाना क्षेत्र के बसहरी गांव में हरीराम पुत्र मइका को गुरुवार को शाम पड़ोसियों ने लाठी और कुल्हाड़ी से हमलाकर मरणासन्न कर दिया। उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं। घायल हरीराम का कहना है कि वह खलिहान में था। तभी पड़ोसी तीन लोग आए और उसे जबरन अपने घर उठा ले गए। बताया कि कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। बेहोश हो जाने पर गांव की मुख्य सड़क पर फेंककर भाग गए। पत्नी लक्ष्मी ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को सूचना दी है। जिला अस्पताल में भर्ती हरीराम ने बताया कि चार बिस्वा खलिहान की जमीन को लेकर हमलावरों से विवाद चला आ रहा है। उधर, दूसरे पक्ष से जयराम पुत्र केशव प्रसाद भी घायल हुआ है। दूसरी घटना में पैलानी थाना क्षेत्र के सोनामऊ गांव में किशन पाल पुत्र हरीलालगुरुवार की शाम पड़ोसियों द्वारा पत्नी से की गई छेड़छाड़ का उलाहना देने गया था। तभी उसे दबंग पड़ोसियों ने फरसा और लाठी से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। बचाने में पत्नी को भी चोटें आईं। पुलिस को अभी तहरीर नहीं दी है। एक अन्य घटना में पैसों के लेन–देन के विवाद में खरेह (पैलानी) गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र दन्नू प्रसाद को गुरुवार को शाम दबंगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

संवाददाता
बांदा। हनुमान दंगल मैदान में इनामी दंगल हुआ, जिसमें महिला पहलवानों की कुश्ती आकर्षक रही। विधायक चंद्रपाल कुशवाहा व राजा बुंदेला ने राजेश (मरका) और अनूप (पंजाब) की जोड़ी का हाथ मिलाकर दंगल की शुरुआत कराई। राजेश ने अनूप को पराजित किया। वीरभान (मथुरा), प्रवीण व हरेंद्र (फिरोजाबाद), जितेंद्र (जालौन), धुन्नी (मरका), अजय (प्रयागराज), उदय व राजू (मऊ टिटिहरा), सूरज सिंह (लखनऊ), मनोज (सैफई), पुष्कर (फतेहपुर), वहीद (बिंदकी) आदि सहित कई जनपदों के नामचीन पहलवानों के बीच आकर्षक कुश्तियां हुईं। आकर्षण का केंद्र रहीं महिला पहलवान रोशनी और ज्योति की कुश्ती बराबरी पर छूटी। रेफरी सूरजभान साहू व चुन्ना पाल और ननकू राम यादव रहे। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव, रामनरेश गर्ग, आरबी सिंह यादव, विवेकानंद गुप्ता, राजा यादव, दिनेश तिवारी, राजकुमार, कल्लू सिंह, देव कुमार, जुग्गीलाल यादव, विजय विक्रम सिंह, शोध छात्र रामबाबू तिवारी आदि मौजूद थे। अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी ने आभार जताया।

संचालन शिवाकांत तिवारी ने किया। उधर, सपा नेता अनिल यादव ने राजू पहलवान (मऊ टिटिहरा) को शानदार दांव मारने पर साइकिल इनाम में दी। इस मौके पर रामपाल प्रजापति, उमेश यादव, संजय यादव, जितेंद्र, रामफल, देवेंद्र, धर्मेंद्र कुशवाहा, भूपेंद्र आदि मौजूद थे।

## युवती का अपहरण कर बलात्कार करने में दो सगे भाई गिरफ्तार

संवाददाता
फर्रुखाबाद। कानपुर की युवती का अपहरण कर बलात्कार करने के मामले में पुलिस नें दो सगे भाईयों को गिरफ्तार उन्हें जेल भेज दिया। जनपद कानपुर विधुना निवासी युवती के पिता नें बीते 6 महीने पूर्व घर से गायब होने की शिकायत थानें में दर्ज कराया था। जिसमे आरोप राजेपुर के महेशपुर निवासी सगे भाई प्रवेश व नन्हे पर झांसा देकर ले जाना और युवती के साथ बलात्कार करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस नें गुरुवार को दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

## राकेश भार्गव चेस्ट फिजिशियन इंडिया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये

संवाददाता
अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की मेडीसिन फैकल्टी के डीन एवं जेएन मेडीकल कालिज के टीबी एण्ड चेस्ट डिजीज विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश भार्गव को नेशनल कालिज आफ चेस्ट फिजिशियन इंडिया का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। प्रो. भार्गव का कार्यकाल 1 अप्रैल 2021 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2022 तक रहेगा। नेशनल कालिज आफ चेस्ट फिजिशियन भारत में 1959 में स्थापित हुई थी। यह संस्था भारत के सर्वश्रेष्ठ प्लमोनोलोजिस्ट चिकित्सकों में से अध्यक्ष पद का चुनाव करती है। प्रो. भार्गव को प्रतिष्ठित नैप कान 2016 का आरेशन अवार्ड भी प्राप्त हो चुका है। प्रो. भार्गव इन्डियन चेस्ट सोसाइटी, नेशनल कालिज आफ चेस्ट फिजिशियन, इंडियन एकेडमी आफ न्यूरो साइंसेज, इन्डियन एसोसिएशन आफ ब्रांकोलोजी, आईएमसी नेशनल कालिज आफ एलर्जी अस्थमा एवं इम्यूनोलोजी, एसीसीपी (अमेरिका) एवं यूरोपियन रेसिपरेटरी सोसाइटी जैसी उत्कृष्ट संस्थाओं के आजीवन सदस्य भी हैं। मेडीकल एजूकेशन यूनिट की ओर से आयोजित एक सम्मान समारोह में प्रोफेसर राकेश भार्गव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर शाहिद सिद्दीकी, प्रोफेसर सीमा हकीम, प्रोफेसर एससी शर्मा, प्रोफेसर जुबैर अहमद, प्रोफेसर मोहम्मद शमीम तथा डाक्टर इमराना मसूद सहित अन्य सीनियर टीचर्स भी उपस्थित थे।

## फिर दागदार हुई खाकी

संवाददाता
प्रयागराज। भुक्तभोगी से पैर दबवाने और जूता साफ करवाने के बाद कार्यवाही करने के नाम पर घूस लेते सरायइनायत थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल का विडियो वायरल हो रहा है.

प्रदेश के मुखिया या पुलिस महकमे के आला अफसर भले ही पुलिस प्रणाली के साथ विभाग में सेवा भाव जगाने के लिए कृतसंकल्प हो किन्तु विभाग का वास्तविक चेहरा उजागिर हो ही जाता है. सरायइनायत थाने में तैनात हेड कांस्टेबल राजेश सिंह प्रार्थना पत्र लेकर आये व्यक्ति को चाय की दुकान पर ले जाकर कार्यवाही करने के बदले उससे घूस लेते हुये विडियो वायरल हो रहा है. इसके पूर्व उक्त हेड कांस्टेबल जनपद के झूंसी थाना क्षेत्र में तैनात था वहा भी वसूली करते रगें हाथ पकड़ा गया था जिस पर कार्यवाही करते हुये विभागीय अधिकारियों ने उसे लाइन हाजिर कर दिया था. अभी कुछ दिन पूर्व इसकी तैनाती सरायइनायत में हुई है आने के बाद उक्त हेड कांस्टेबल वसूली करने लगा, थाने में तैनात लोगों की माने तो उक्त हेड कांस्टेबल थानाध्यक्ष महोदय का करीबी और खास है क्षेत्र में सभी कार्य की वसूली यही हेड कांस्टेबल करता है. इससे पहले भी उक्त थाने में तैनात सिपाही शिकायत करने आये व्यक्ति से पैर दबाते हुये और जूता साफ कराते विडियो वायरल हो चुका है. प्रकरण में जब थानाध्यक्ष से बात की गयी तो उन्होंने हेड कांस्टेबल का बचाव करते हुये कहा कि वह चाय के पैसे का भुगतान कर रहा है घूस नहीं ले रहा है.

### थाने के हिस्ट्रीशीटर पर मेहरबान थानाध्यक्ष

प्रयागराज।. प्रदेश के मुखिया भले ही अपराधियों पर नकेल लगाते हुये उनके खिलाफ तमाम कार्यवाही करने के लिए विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हो किन्तु पुलिस महकमे के के लोगों पर अपराधियों के संरक्षण में पलने का आरोप लगता है. जनपद के उतरांव थाने के टापटेन अपराधी से माला पहन कर अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं ऐसी दशा में अपराधियों पर पुलिस का भय कैसे बनेगा। उतरांव थाना क्षेत्र के टाप टेन हिस्ट्रीशीटर प्रमोद कुमार पटेल है जिनका नाम थाने की दीवारों में दर्ज है इन्ही अपराधियों के हाथ माला पहन कर उन्हें संरक्षण प्रदान कर रहे हैं, शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ा कर अपराधियों का मनोबल बढ़ाने में ऐसे पुलिस अफसर मदद कर रहे हैं।

## ट्रेन टिकटों में हेराफेरी करनें में आरक्षण पर्यवेक्षक गिरफ्तार

संवाददाता
फर्रुखाबाद। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नें ट्रेन की टिकटों में हेराफेरी करने के मामले में आरक्षण पर्यवेक्षक को गिरफ्तार किया। आरपीएफ चौकी प्रभारी प्रशांत यादव को फतेहगढ आरक्षण केंद्र पर आरक्षण पर्यवेक्षक के द्वारा टिकट यात्रियों को देनें में अनियमितता करने की शिकायत मिली। जिसके चलते चौकी इंचार्ज आरपीएफ नें गोरखपुर शाहपुर गीतावटिका घोसी पुरवा निवासी आरक्षण परिवेक्षक अब्दुल मुस्तफा पुत्र समीउल्ला को गिरफ्तार किया। मामले की विवेचना दारोगा रूबी को दी गयी है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की ठोकर से वृद्ध की दर्दनाक मौत

संवाददाता
बलरामपुर। थाना कोतवाली सादुल्लाहनगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर ग्रिंट के मजरा काशी डीह निवासी घिराऊ उम्र लगभग 72 साल शुक्रवार को अपरान्ह काल साईकिल से कोटे का राशन लेने जा रहे थे, भिरवा लोहार डीह के पास पहुंचते ही सामने से मिट्टी लदी तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने साईकिल सवार वृद्ध को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे साईकिल सवार ट्राली घ्के पहिए के नीचे आ गया और पहिए के नीचे दबकरघ् वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुचे परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी।घटना के संबंध मे मृतक के भाई राम लाल निवासी रामपुरग्रिंट ने ट्रैक्टर चालकध् मालिक राजू उर्फ मनीष तिवारी निवासी ग्राम देवरिया इनायत (भगड़वा) के विरुध्द स्थानीय थाने मे तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राम दवन मौर्य ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जारी है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

# पांचाल घाट के किनारे पार्किंग स्थल का निर्माण कराने के निर्देश

संवाददाता
फर्रुखाबाद। मेला रामनगरिया को देखते हुए जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें पांचाल घाट पंहुच कर घाट के किनारे पार्किंग स्थल का निर्माण कराने के निर्देश दिये। डीएम नें 28 जनवरी से शुरू होनें जा रहे मेला रामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारी को मौके पर जाकर परखा। उन्होंने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत घाट की अन्तिम सीढ़ी पर लोहे के पोल जंजीर सहित लगवाने के निर्देश। जिससे लोगों को डूबने से बचाया जा सके। परियोजना अधिकारी डूडा को पांचालघाट के किनारे पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थल बनने से आमजन को जाम से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान घाट पर कूड़े दान एवं घाट पर बनाई गई पक्की नालियों में काफी गन्दगी मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने एडीपीआरओ अमित त्यागी को तत्काल नाली में लगी जालियों को ठीक कराकर गन्दगी साफ कराने के निर्देश दिये। घाट पर बने कूड़ेदानों से नियमित कूड़ा उठवाने के भी निर्देश जारी किये गये। उन्होंने कहा कि घाट पर कूड़ा–गन्दगी फैंकने वाले ग्रामीणों से प्रतिदिन 500 के हिसाब से जुर्माना वसूल किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी राजस्व विवेक श्रीवास्तव, एसडीएम सदर अनिल कुमार आदि रहे।

## श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज की जयन्ती के अवसर पर आयोजित 5 दिवसीय चित्रकला शिविर/प्रदर्शनी

संवाददाता
प्रयागराज। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज की जयन्ती के अवसर पर ५ दिवसीय चित्रकला शिविरध्प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज दिनांक १४.०१.२०२१ को गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा खुल्दाबाद के सहयोग से 'प्रकाश पर्व' के रूप में गुरूद्वारा प्रांगण में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद विश्व विद्यालय के दृश्य कला संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो० अजय जेटली द्वारा गुरू गोविन्द सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कैनवास पर रंग विखेरते हुए शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर केन्द्र निदेशक श्री इन्द्रजीत ग्रोवर ने श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए शिविर में प्रतिभाग कर रहे सभी चित्रकारों का स्वागत किया तथा चित्र कला विषय पर अपने व्याख्यान दिया। गुरू सभा की ओर से सरदार त्रिलोचन सिंह व सरदार जितेन्दर सिंह ने खालसा पंथ की विस्तृत चर्चा करते हुए गुरू की महिमा का बखान किया। केन्द्र द्वारा यह शिविर ५ दिवसीय होगी जिसका समापन दिनांक १६ जनवरी २०२१ को होगा। साथ ही गुरूद्वारा खुल्दाबाद के प्रागण में शिविर में निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी तथा सबद कीर्तन का आयोजन प्रकाश पर्व पर केन्द्र द्वारा किया जायेगा।

## बनकटवा रेंज में तेंदुएं का आतंक जारी, हमलें में एक युवक घायल

संवाददाता, बलरामपुर। विकासखण्ड हर्रैया सतघरवा अन्तर्गत वन विभाग के बनकटवा रेंज क्षेत्र के बेनीड़ीह गांव मे तेदुए का आतंक जारी है। बीती रात लक्ष्मणपुर बाजार से बाइक से घर आ रहे घायल मनोज कुमार उम्र 29 वर्ष उर्फ पुजारी निवासी जमुनी महराजगंज व मालिक राम 45 वर्ष अपने 15 वर्षीय पुत्र पंकज के साथ बेनीड़ीह गांव आ रहे थे। रात के आठ बजे बुधराम यादव के गन्ने के खेत के पास घात लगा कर बैठे तेंदुएं ने हमला कर पुजारी को घायल कर दिया। पीड़ित के बांये हाथ को तेदुएं नोच कर घायल कर दिया है। घायल का इलाज सीएचसी शिवपुरा में चल रहा है । वनकटवा रेंज के प्रभारी रेंजर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल के इलाज के लिए वनदरोगा अशोक कुमार गुप्ता को भेज कर इलाज कराया जा रहा है ।

# जिले में 7440 कोरोना वैक्सीन की पंहुची पहली खेप

संवाददाता
फर्रुखाबाद। कोरोना महामारी से डरे–सहमे लोगों की प्रतीक्षा समाप्त हो गई। जनपद को कोविड वैक्सीन की पहली खेप प्राप्त हुई। बीते कई महीनों से कोरोना वायरस से खुद बचाने की लड़ाई लड़ रहे लोगों अब राहत की साँस जरुर लेनें। गुरुवार देश शाम जिले में कोरोना वैक्सीन की पहली खेप पंहुच गयी। गुरुवार शाम को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ में वायल कोविड वैक्सीन बैन के रखकर पंहुची। जिसका सीएमओ वंदना सिंह नें पूजा–पाठ किया और उसके बाद वैक्सीन को कोल्ड रूम में सुरक्षित कर दिया गया। एक वायल में 10 लोगों को एक–एक डोज टीका लगाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को दो डोज टीका लगाने हैं। दूसरा 28 दिन बाद लगाया जाएगा।जिले को फिलहाल 7440 वायल वैक्सीन मिलने लोगों में राहत की साँस ली है। सरकार ने 16 जनवरी से देश भर में टीकाकरण शुरू करने का एलान किया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग दो बार ड्राई रन भी कर चुका है। आगामी 16 जनवरी को जिले के लोहिया अस्पताल महिला, सीएचसी मोहम्मदाबाद व कमालगंज सीएचसी पर 100–100 स्वास्थ्य कर्मियों के वैक्सीन लगेगी।जिले में कुल 6024 स्वास्थ्य कर्मी है।

# ब्राम्हण होते हुए भी आचरण से क्षत्रिय क्यों हुए भगवान परशुराम

एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान परशुराम ने एक तीर चलाकर गुजरात से लेकर केरल तक समुद्र को पीछे धकेल कर नई भूमि का निर्माण किया था। पितामह भीष्म, ऋषि द्रोणाचार्य व महारथी कर्ण जैसे महान योद्धाओं को अस्त्र–शस्त्र की शिक्षा परशुराम जी ने ही दी थी।

एजेंसी

हिन्दु धर्म के अनुसार शौर्य और पराक्रम के प्रतीक योग, वेद और नीति में पारंगत परशुराम विष्णु के दस अवतारों में से छठे अवतार थे। इनका जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। इनके



पिता भृगुवंशीय ऋषि जमदग्नि तथा माता का नाम रेणुका था। भगवान परशुराम को पृथ्वी पर समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए भी जाना जाता है इन्हें इनके पिता जमदग्नि जो महान सप्तऋषियों में से एक गिने जाते हैं से आशीर्वाद प्राप्त था कि जगत में वे सदा अमर रहेंगे। परशुराम ने महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक के पास शिक्षा प्राप्त की। विभिन्न प्रकार के अस्त्र शस्त्रों की विद्या में माहिर परशुराम जी का बचपन का नाम राम था, वे शिवजी के अनन्य भक्त थे। भगवान शिव ने उनके तप और भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान स्वरूप एक अमोघ दिव्य शस्त्र परशु प्रदान किया था जिसके पश्चात जगत में उनका नाम परशुराम विख्यात हुआ। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान परशुराम ने एक तीर चलाकर गुजरात से लेकर केरल तक समुद्र को पीछे धकेल कर नई भूमि का निर्माण किया था। पितामह भीष्म, ऋषि द्रोणाचार्य व महारथी कर्ण जैसे महान योद्धाओं को अस्त्र–शस्त्र की शिक्षा परशुराम जी ने ही दी थी। विष्णु की कृपा और शिव जी के आशीर्वाद से इन्हें इतनी शक्ति और बल प्राप्त था कि उन्होंने महिष्मति के राजा कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन जिसके पास सहस्त्रों भुजाएं थी और जिसे रावण भी परास्त नहीं कर सका था के अत्याचार से कुपित होकर उसका संहार किया था।

जैसा कि कहा जाता है कि परशुराम ब्राम्हण के घर में जन्में थे किन्तु उनमें गुण क्षत्रियों वाले थे इसके पीछे परशुराम के जन्म से पहले की एक कहानी पुराणों में कही गई है। आईए आज भगवान परशुराम जी की जयंति पर जानते हैं इस पौराणिक कथा को जिसमें बताया गया है कि ब्राह्मण पुत्र होते हुए भी परशुराम जी में क्षत्रिय आचरण का समावेश कैसे हुआ।

पौराणिक वृत्तांतों के अनुसार कन्नौज के राजा गाधि की पुत्री सत्यवती बहुत ही सुंदर, सुशील और गुणवती थी उसका विवाह भृगु ऋषि के पुत्र ऋचीक के साथ संपन्न हुआ। विवाहोपरांत जब भृगु ऋषि ने अपनी पुत्रवधु को वरदान मांगने के लिए कहा तो सत्यवती ने अपनी माता व स्वयं के लिए पुत्र की कामना की। भृगु ऋषि ने दो चरु पात्र सत्यवती को देते हुए कहा कि इसमें से एक पात्र तुम्हारे लिए है और दूसरा पात्र तुम्हारी माता के लिए है। शुद्ध अवस्था में तुम गूलर के वृक्ष के समक्ष अपने चरू पात्र को लेकर पुत्र की कामना करना वहीं तुम्हारी माता को कहना कि वह अपने चरू पात्र को लेकर पीपल के वृक्ष के समक्ष पुत्र की कामना करे इससे तुम दोनों को पुत्र की प्राप्ति होगी।

सत्यवती ने प्रसन्न होकर भृगु ऋषि को प्रणाम किया और दोनों चरू पत्र लेकर सारा वृतांत अपनी माता को कह सुनाया। सत्यवती की माता यह सुनकर बड़ी प्रसन्न हुई और समय आने पर सत्यवती और उसकी माता ने भृगु ऋषि के कहे अनुसार चरू पात्र लेकर अपने अपने लिए पुत्र की कामना की किन्तु गलती से दोनों के पात्र बदल गए थे। जो चरू पात्र सत्यवती का था वह उसकी मां ने ले लिया था वहीं सत्यवती की मां का चरू पात्र सत्यवती के पास था जिसे लेकर उसने पुत्र की कामना की।

भुगु ऋषि अपनी योगमाया से यह सारा मामला जान गए थे। उन्होंने सत्यवती को बताया कि बेटी, तुम्हारी माता की गलती से तुम्हारे चरु पात्र का सेवन उनके द्वारा कर लिया गया है और तुम्हारी माता वाले पात्र को तुमने ग्रहण किया है। परिणामवश तुम्हारी संतान अब जन्म से भले ब्राह्मण हो लेकिन उसका आचरण एक क्षत्रिय जैसा होगा। वहीं तुम्हारी माता की संतान क्षत्रिय होते हुए भी ब्राह्मण आचरण वाली होगी।

सत्यवती समझ न पाई कि यह सब कैसे हो गया उसने हाथ जोड़कर भृगु ऋषि से प्रार्थना की कि क्षमा करें, कृपया मुझे आशीर्वाद दें कि मेरे पुत्र में ब्राह्मण के गुण ही आएं भले ही मेरे पौत्र में क्षत्रिय के गुण आ जायें। सत्यवती की प्रार्थना पर महर्षि भृगु ने उसकी विनती स्वीकार ली और उसे उसके अनुसार आशीर्वाद दिया।

समय आने पर सत्यवती को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम जमदग्नि रखा गया। जिसे महर्षि जमदग्नि के नाम से जाना गया। जमदग्नि का विवाह राजा प्रसेनजित की कन्या रेणुका से हुआ, जिनकी पांच संताने हुई जिनमें एक परशुराम थे और जैसा कि इनकी बड़ी माता सत्यवती को आशीर्वाद मिला था, महर्षि भृगु के प्रपौत्र, ऋषि ऋचीक के पौत्र और जमदग्नि के पुत्र परशुराम ब्राम्हण होते हुए क्षत्रिय आचरण वाले हुए। वहीं कालांतर में सत्यवती की माता के पुत्र विश्वामित्र हुए जो जन्म से क्षत्रिय होने के बावजूद कर्म से ब्राह्मण आचरण वाले हुए।

# गला सूखना की समस्या को ना समझें मामूली, जान लें बचाव के देसी नुस्खे

सर्दियों में गला सूखने की समस्या आम देखने को मिलती है, जिसे लोग मामूली समझ इग्नोर कर देते हैं लेकिन कई बार यह संक्रमण का संकेत भी हो सकता है। दरअसल, सर्दियों में चलने वाली सर्द हवा के कारण गला सूखने की समस्या काफी दिखाई देती है, जिसका इलाज समय रहते होना बहुत जरूरी है।

क्यों सूखता है गला?

गले में दर्द, शरीर में पानी की कमी, वायरस इंफेक्शन या




जुकाम, किसी तरह की एलर्जी, खुले मुंह से सांस लेने पर गला सूखने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा गले सूखने के कुछ और कारण भी हो सकते हैं जैसे...

1. मोनोन्यूक्लियोसिस बीमारी के कारण भी गला सूखने की समस्या हो सकती है, जो एक व्यक्ति से दूसरे में फैलती है।
2. गला सूखने का कारण एसिड रिफ्लक्स भी हो सकता है, जिसमें पेट में मौजूद एसिड भोजन नली तक पहुंच जाता है। इसकी वजह से गले में जलन भी महसूस होती है।
3. टॉन्सिलाइटिस संक्रमण के कारण भी गला सूखने की समस्या हो सकती है।

गला सूखने के लक्षण

. गला बैठना, दर्द और सूखी खांसी
. खाना निगलने में परेशानी
. गले में टॉन्सिल या सफेद दाग बनना
. बुखार आना
. सांस लेने में परेशानी होना
. सुस्ती और ठंड महसूस करना
. मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द
. शरीर में दर्द होना
. सीने में जलन, उल्टी आना

कब बढ़ता है गला सूखने का खतरा?

. जब बार–बार उल्टी आने लगे, खांसी
. जरूरत से अधिक चिल्लाना
. बार–बार गला साफ करने की आदत
. तंबाकू और अन्य नशीली चीजों का सेवन

गला सूखने से बचाव

1. इससे बचने का सबसे उपाय तो यही है कि आप भरपूर गुनगुना पानी पीएं। हो सके तो दिनभर में कम से कम 1–2 गर्म पानी जरूर पीएं। भोजन करने के कम से कम 30 मिनट बाद ही पानी पीएं।
2. तंबाकू, सिगरेट आदि की आदत से जितना हो सके परहेज करें।
3. साथ ही ज्यादा मसालेदार भोजन, ऑयली फूड्स, अधिक वसा वाले आहार और कैफीन से दूर रहें। साथ ही ऐसा भोजन ना खाएं, जिससे पेट में एसिड बनें। डाइट में हरी सब्जियां, सूप, जूस, फल आदि शामिल करें।
4. वजन को कंट्रोल में रखें क्योंकि उससे पेट पर दबाव पड़ता है और एसिड भोजन नली में चला जाता है, जिससे गला सूखना, सीने में जलन, उल्टी जैसी मन हो सकता है।
5. एक साथ भर पेट खाने की बजाए धीरे–धीरे छोटे मील्स लें। इससे भोजन आसानी से पच जाए और एसिड बनने की समस्या नहीं होगी।
6. फिजिकल एक्टिविटी भी अधिक करें, ताकि भोजन पच सके। भोजन के बाद सीधा सोने ना जाएं।

अब जानिए कुछ घरेलू नुस्खे

1. अदरक के रस में शहद मिलाकर और फिर एक छोटी–सी मुलेठी मुंह में रखकर चूसें।
2. पीपल की गांठ को पीसकर उसमें एक चम्मच शहद मिलाकर खाएं।
3. गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीने से भी सूखी खांसी की समस्या दूर हो जाएगी।
4. तुलसी, दालचीनी, मुलेठी, अदरक की चाय पीने से भी आराम मिलेगा।
5. भाप लेने से भी आपको आराम मिलेगा। पानी गर्म करके चेहरा उसके ऊपर करें और तैलिए से ढक लें।
6. 1 गिलास दूध में 1/2 चम्मच हल्दी मिलाकर सोने से पहले पीएं।

डॉक्टर के पास कब जाएं

. जब गले में सूखापन के साथ जीभ पर सफेद दाग दिखे
. गले में सुखापन, बुखार, बलगम में खून या गले में किसी गांठ
. भोजन निगलने या सांस लेने में दिक्कत हो महसूस तो इसे हल्के में ना लें और तुरंत डॉक्टर से जांच करवाएं। ऐसे में यह समस्या बिना इलाज ठीक नहीं होगी।

# अदब के इतिहास में अमर हो गए शकील बदायूंनी, 13 साल की उम्र में ही लिख दी थी पहली गजल

एजेंसी

बचपन से ही शेरों–शायरी में मशगूल रहने वाले शकील बदायूंनी का जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में अगस्त 1916 में हुआ था। यूं तो शकील का असल नाम गफ्फार अहमद था, मगर उन्हें शकील बदायूंनी के नाम से पहचाना गया। 13 साल की उम्र में ही शकील ने अपनी पहली गजल लिख डाली थी। शकील बदायूंनी एक ऐसा नाम है, जो जुबां पर आते ही मुसकान ला देता है। शायर और गीतकार शकील बदायूंनी के यूं तो बहुत से किस्से बड़े फेमस हुए लेकिन हम आपको उनके गीत चौतवी का चांद से जुड़ी हुई जानकारी देंगे। वैसे तो आज यानी की 20 अप्रैल के दिन शकील बदायूंनी का इंतकाल हो गया था। लेकिन उनके शेर और गीत आज भी लोगों की जुबां पर बने रहते हैं।

किसी ने बहुत खूब कहा था कि शायद सिर्फ जिन्दा रहते हैं मरते नहीं है क्योंकि उनके तरानों को आज भी लोग गुनगुनाते हैं।

बचपन से ही शेरों–शायरी में मशगूल रहने वाले शकील बदायूंनी का जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में अगस्त 1916 में हुआ था। यूं तो शकील का असल नाम गफ्फार अहमद था, मगर उन्हें शकील बदायूंनी के नाम से पहचाना गया। 13 साल की उम्र में ही शकील ने अपनी पहली गजल लिख डाली थी। उनकी पहली गजल उस वक्त के मशहूर अखबार श्शाने हिन्दश में प्रकाशित हुई। 1930 में पहली गजल प्रकाशित होने के बाद शकील बदायूंनी का यह सिलसिला शुरू हुआ जो उम्र के आखिरी पड़ाव तक चला।

उन्होंने 1936 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अपना दाखिला कराया। इसके बाद वो मुशायरों में हिस्सा लेने लगे। अलीगढ़ में पढ़ाई पूरी करने के बाद शकील बदायूंनी सरकारी नौकरी करने लगे। मगर उनका दिल तो शेरों–शायरी के लिए बना था। ऐसे में वह कहां तब की बंबई से दूर रह सकते थे। 1944 में वह अब की मुंबई पहुंचे और फिर उन्हें संगीतकार नौशाद साहब के साथ काम करने का मौका मिला।

सदाबहार शकील

शकील बदायूंनी के सदाबहार गाने आज भी लोग बड़े ही चाव से सुनते हैं। 'नन्हा मुन्ना राही हूं देश का सिपाही हूं' और 'चौदवीं का चांद हो या आफताब



हो' यह वो गाने हैं जो लोग आज भी गुनगुनाते हैं। यूं तो शकील मानते थे कि उनकी जिन्दगी और उनकी शायरी में बहुत फर्क है। हालांकि शकील को उनके गानों के लिए तीन बार फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजा गया है।

चौदवीं का चांद हो या आफताब हो

चौदवीं का चांद फिल्म का पहला गाना रिकॉर्ड किया जाना था। स्टूडियो में शकील बदायूंनी, गुरुदत्त और गीतकार रविशंकर शर्मा मौजूद थे। यह वो वक्त था जब गुरुदत्त और बर्मन दा की जोड़ी टूट चुकी थी और कागज के फूलश फ्लॉप हो गई थी। ऐसे में गुरुदत्त और शकील बदायूंनी स्टूडियो में काफी बेचौन बैठे हुए थे।

इसी बीच शकील ने अपनी बेचौनी को तोड़ने हुए रविशंकर से पूछते हैं कि सब कुछ ठीक रहेगा न ? तो जवाब मिलता है कि चिंता मत करो, बस तुम धैर्य रखो सब ठीक रहेगा।


फिल्म रिलीज होती है और हिट साबित होती है। रविशंकर को बेस्ट म्यूजिक कंपोजर का अवार्ड मिलता है और शकील बदायूंनी को फिल्म फेयर अवॉर्ड से नवाजा जाता है। यह गीतकार शकील के जीवन की पहली कामयाबी थी। मानो यहां से उनका सिलसिला शुरू हुआ तो वह थमा ही नहीं।

साल 1961 में चौदहवीं का चांद होश, 1962 में घराना और 1963 में बीस साल बाद के गानों के लिए गीतकार शकील को फिल्म फेयर मिला।

अदब के इतिहास में अमर हो गए शकील

अलीगढ़ मुस्लिम विश्ध्वविद्यालय में पढ़ते हुए शकील बदायूंनी ने मुशायरों में हिस्सा लेना शुरू किया और क्या खूब बोले तभी तो नामी शायरों ने उनकी जमकर तारीफ की। उस वक्त शकील बदायूंनी की शायरियों को फिराक गोरखपुरी ने लाजवाब पूंजी बताया था। जबकि जिगर मुरादाबादी ने कहा था कि अगर शकील इसी तरह पड़ाव तय करते रहे तो भविष्य में अदब के इतिहास में वह अमर हो जाएंगे और हुआ भी कुछ ऐसा ही। 20 अप्रैल 1970 को शकील बदायूंनी ने आखिरी सांस ली और शेरों–शायरी की दुनिया में अमर हो गए।

# बर्ड फ्लू के कारण नहीं खा रहे चिकन तो ट्राई करें ये आहार, प्रोटीन की कमी होगी पूरी




शरीर को स्वस्थ रहने के लिए विटामिन्स, मिनरल्स के साथ प्रोटीन की भी आवश्यकता होती है। इससे मांसपेशियां व इम्यून सिस्टम मजबूत होने के साथ वजन कंट्रोल रहने में मदद मिलती है। ऐसे में दिल और फेफड़े भी स्वस्थ रहते हैं। बात इसके मुख्य स्त्रोत की करें तो चिकन व अंडों में अधिक मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। मगर आज बर्ड फ्लू तेजी से फैल रहा है। यह पक्षियों में होने वाला एक संक्रमण है। ऐसे में इसके फैलने के कारण पोल्ट्री बाजार बंद कर दी गई हैं। मगर खुद को फिट एंड फाइन रखने के लिए प्रोटीन बेहद जरूरी है। ऐसे में अगर आप अपने सेहत को लेकर परेशान है तो इसकी जगह पर अपने आहार में कुछ शाकाहारी चीजों को शामिल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए ऐसे 4 शाकाहारी विकल्प बताते हैं, जिससे आपको आसानी से प्रोटीन की कमी पूरी करने में मदद मिलेगी।

चिकन, अंडे की जगह इन चीजों को करें डाइट में शामिल.

..

राजमा

राजमा तो लगभग सभी को खाना पसंद होता है। बात इसके पोषक तत्वों की करें तो इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं। ऐसे में इसे चिकन या मांस का एक शाकाहारी रूप कहा जा सकता है। इसके सेवन से शरीर को सभी उचित तत्व मिलने के साथ वजन कम करने में मदद मिलती है।

चना

चने में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम आदि भरपूर मात्रा में होता है। इसे खाने से शरीर को सभी जरूरी तत्व मिलने के साथ दिनभर एनर्जेटिक फील होगा। शरीर का बेहतर विकास होने के साथ मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है। ऐसे में बर्ड फ्लू के चलते नॉन वेज की जगह इसका सेवन करना बेस्ट ऑप्शन है।

पनीर

अंडे, चिकन की जगह डाइट में प्रोटीन से भरपूर पनीर को शामिल करना फायदेमंद रहेगा। इसमें प्रोटीन के साथ कैल्शियम, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट आदि गुण होने से शरीर का बीमारियों से बचाव रहता है। मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आने के साथ शरीर अंदर से स्वस्थ रहता है। ऐसे में आप इसे अपने आहार में शामिल करके चिकन या अंडे से मिलने वाले पोषक तत्वों की कमी पूरी कर सकते हैं।

दालें

डेली रूटीन में दालों का सेवन करने से शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलती है। साथ ही ये प्रोटीन का उचित स्त्रोत होने से इसकी कमी आसानी से पूरी की जा सकती है। इसके अलावा दालों में कैल्शियम, फाइबर, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–वायरल गुण होते हैं। ऐसे में बर्ड फ्लू के चलते अपनी डेली डाइट में इनका सेवन करना बेस्ट ऑप्शन है। इससे इम्यूनिटी बढ़ने के साथ बीमारियों से बचाव रहता है। वजन कंट्रोल में रहने के साथ दिनभर एनर्जेटिक महसूस होता है।

# लोग सोच–समझकर वैक्सीन का लगवाएं टीका

कोरोना वायरस के खिलाफ देश ने कमर कस ली है। आने वाली 16 जनवरी देश के लिए एक बेहद खास दिन है क्योंकि इस दिन देश में वैक्सीनेशन का अभियान शुरू होने वाला है। इस पल का इंतजार कितने लोगों को था और आखिरकार वो दिन अब आ गया है। हालांकि वैक्सीन को लेकर भी अभी लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं कि यह वैक्सीन किन्हें लगेगी और किन लोगों को अभी इससे बचाव करना चाहिए। तो चलिए आपको बताते हैं इसके बारे में।

इन्हें मिलेगी पहले वैक्सीन

वैक्सीन सबसे पहले डॉक्टरों, हेल्थकेयर वर्कर्स, सफाई कर्मचारियों और सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स को दी जाएगी। फिर इसके बाद 50 साल से अधिक उम्र वालों को और फिर उन्हें जो किसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

ये लोग सोच समझकर लगवाएं टीका

ये तो वो लोग थे जिन्हें वैक्सीन सबसे पहले दी जाएगी लेकिन अब हम आपको उन कुछ लोगों के बारे




में बताते हैं जिन्हें वैक्सीन सोच समझकर लेनी चाहिए। तो चलिए आपको बताते हैं इनके बारे में।

1. प्रेग्नेंट महिलाएं

आपको बता दें कि वैक्सीन से प्रेग्नेंट महिलाओं को कई दफा अगाह किया जा चुका है और विशेषज्ञों की मानें तो जो महिलाएं मां बनने वाली हैं या फिर जो महिलाएं ब्रेस्ट फीडिंग करवाती हैं वह एक बार डॉक्टर्स से पूछकर ही वैक्सीन लगवाएं। बता दें कि अभी तक वैक्सीन प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए सुरक्षित साबित नहीं हुई है। इसलिए गर्भवती महिलाओं के लिए यह चिंता की बात हो सकती है।

2. एलर्जी की समस्या

अगर आपको वैक्सीन लेने से या आपको जन्म से ही एलर्जी की समस्या है तो आप बिना डॉक्टर से पूछे वैक्सीन न लगवाएं। पहले अपने डॉक्टर से बात करें और तब ही वैक्सीन लगवाएं। इसका एक कारण यह है कि वैक्सीन के कारण लोगों को गंभीर एलर्जी की समस्या सामने आ रही है ऐसे में अगर आपको पहले से ही एलर्जी की समस्या है तो आप इसे सोच समझकर लगवाएं।

3. कोरोना संक्रमित लोगों को

हालांकि, यह वैक्सीन कोरोना का खातमा करने के लिए ही बनाई गई है लेकिन बहुत सारे ट्रायल में यह बात सामने आई है कि कोरोना से संक्रमित व्यक्ति को तब तक वैक्सीन नहीं देनी चाहिए जब तक कि वो आइसोलेशन और इस महामारी से पूरी तरह बाहर ना आ जाए।

4. छोटे बच्चे को

बच्चों में कोरोना के मामले इतने नहीं देखे गए हैं लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि इससे बच्चों को खतरा नहीं है। हालांकि, जितनी भी वैक्सीन है उनमें से अभी तक किसी का यह डाटा सामने नहीं आया है कि वह बच्चों के लिए सुरक्षित है या नहीं इसलिए बच्चों को भी वैक्सीन सोच समझकर लगवाएं।

5. मेडिकल कंडीशन वाले लोग

जो लोग किसी मेडिकल कंडीशन का सामना कर रहे हैं उनके मन में एक ही सवाल है कि क्या उनकी बॉडी पर वैक्सीन काम करेंगी या नहीं। लेकिन शोध में यह बात सामने आई है कि यह वैक्सीन उन लोगों पर भी वैसे ही काम करेगी जितना यह स्वस्थ लोगों पर करती है। लेकिन उन लोगों का यह व्यक्तिगत फैसला होगा कि वह वैक्सीन लगवाना चाहते हैं या नहीं।

# स्कूल डेज में ही नताशा को दिल दे बैठे थे वरुण धवन

एजेंसी
बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और उनकी गर्लफ्रेंड नताशा दलाल



फाइनली शादी करने वाले हैं। खबरों के मुताबिक दोनों इसी महीने सात फेरे ले लेंगे। दोनों की शादी को लेकर लंबे वक्त से चर्चा चल रही थी, माना जा रहा था कि वरुण और नताशा साल 2020 में शादी कर सकते हैं, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पर ये खबर पक्की है कि दोनों इस महीने शादी करने वाले हैं। पिंकविला की खबर के मुताबिक वरुण और नताशा 24 जनवरी को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इतना ही नहीं शादी के लिए गस्टो के न्योता भी भेज दिया गया है। खबर के मुताबिक वरुण की शादी के फंक्शन 22 जनवरी से शुरू हो जाएंग और 25 जनवरी तक चलेंगे। इन सारी खबरों के बाद अब बस फैंस को दूल्हे–दुल्हन की फोटो सामने आने का बसेब्री से इंतजार है। वरुण और नताशा स्कूल टाइम से एक दूसरे को जानते हैं। अगर हम ये कहें कि दोनों स्कूल फ्रेंड्स रह चुके हैं तो शायद गलत नहीं होगा। हाल ही में वरुण अपनी फिल्म 'कुली नंबर 1' प्रमोशन करने करीना कपूर के शो व्हाट विमेन वांट में पहुंचे थे। जहां वरुण ने बताया था, कि उन्होंने 6जी क्लास में नताशा दलाल को पहली बार देखा। इसके बाद दोनों बहुत अच्छे दोस्त बन गए। वरुण ने बताया कि स्कूल में दोनों अलग–अलग हाउस में थे जहां वरुण रेड हाउस में थे वो नहीं नताशा येलो हाउस में थीं। इसलिए वरुण, नताशा को बास्केटबॉल कोर्ट में लंच ब्रेक के समय आते–जाते देखा करते थे। स्कूल टाइम तक वरुण और नताशा के बीच अच्छी दोस्ती थी, लेकिन बाद में धीरे–धीरे दोनों को ही ये एहसास हुआ कि दोनों एक दूसरे के लिए दोस्ती से ज्यादा महसूस करते हैं।

वरुण ने किया नताशा को प्रपोज और हो गए रिजेक्ट

करीना के शो में ही वरुण ने ये खुलासा किया था कि नताशा ने तीन बार उनका प्रपोजल ठुकरा दिया था। लेकिन एक्टर ने भी हार नहीं मानी और उनसे 'हां' करवाकर ही माने। इसके बाद से ही नताशा और वरुण एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने अपने रिलेशनशिप पब्लिक कुछ साल पहले ही किया था। आपको बता दें कि नताशा एक मशहूर फैशन डिजाइनर हैं। नताशा दलाल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क के फैशन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉ लजी से फैशन की पढ़ाई की है। जब वह भारत लौटीं तो उन्होंकने नताशा दलाल लेबल नाम से अपनी क्लोनथिंग लाइन की शुरुआत की। अब नताशा और वरुण मुंबई के पास अलिबाग में शादी करने जा रहे हैं।

# जान्हवी कपूर ने पिता बोनी कपूर से बोला था झूठ

एजेंसी
बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर अपनी फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहती हैं।



वह सोशल मीडिया और इंटरव्यू के जरिए अपनी जिंदगी के बारे में ढेर सारे खुलासे भी करती रहती हैं। अब जान्हवी कपूर ने अपने बारे में एक मजेदार खुलासा किया है जिसकी काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने बताया है कि एक बार वह अपने पिता बोनी कपूर से झूठ बोलकर अमेरिका में घूमने निकल गई थीं। जान्हवी कपूर ने यह खुलासा बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा करीना कपूर खान के चौट शो व्हाट वुमन वांट में किया है। उन्होंने कहा है कि एक बार वह पिता को बिना बताए लॉस एंजिल्स से लास वेगास गई थीं। यहां पहुंचकर उन्होंने पूरा दिन बिताया और फिर फ्लाइट लेकर वापस आ गईं। इस बात का बोनी कपूर को कभी पता भी नहीं चला। जान्हवी कपूर ने कहा, श्इस बात पर कोई यकीन नहीं करेगी, लेकिन एक बार मैंने पहली बार अपने पिता से झूठ बोला था। उनसे कहा था कि मैं एक फिल्म देखने जा रही हूं, लेकिन मैंने एक फ्लाइट ली और लॉस एंजिल्स से लास वेगास गई। चारों ओर घूमती रही और फ्लाइट लेकर सुबह वापस आ गई। इस बात को वह कभी नहीं जानते थे। यह बात मैंने खुद अपने पिता को बताई। इसके अलावा जान्हवी कपूर ने करीना कपूर खान के शो में अपनी निजी जिंदगी और परिवार के बारे में ढेर सारी बातें कीं। आपको बता दें कि इन दिनों जान्हवी कपूर अपनी फिल्म गुड लक जेरी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कितानों ने उनकी इस फिल्म की शूटिंग को रुकवा दिया था। एएनआई के ट्वीट के अनुसार 11 जनवरी को जान्हवी कपूर अपनी फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग पंजाब के फतेहगढ़ साहिब के बस्सी पठाना में कर रही थीं। इस बीच वहां पर कई लोग इकठ्ठा हो गए और फिल्म की शूटिंग रुकवा दी। उन्होंने मेकर्स से कृषि कानूनों को लेकर अपनी राय रखने के लिए कहा, तो क्रू ने उन्हें आश्वासन दिया, जिसके बाद वो चले गए। वहीं इसके बाद जान्हवी कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा था, शकिसान हमेशा से हमारे देश के दिल में हैं। मैं देश का पेट भरने में उनके योगदान के महत्व को समझती हूं। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही किसानों की समस्या का समाधान निकलेगा, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा।श हाल ही में जान्हवी अपनी आने वाली फिल्म शगुड लक जेरी का फर्स्ट लुक अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया था, जिसमें जान्हवी ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही थीं। उन्होंने नीले कलर का सलवार सूट पहना हुआ है और ऑरेंज कलर का दुपट्टा डाला हुआ है और इस फोटो में वह मुस्कुराती दिख रही हैं।

# अली जफर पर फिर लगा यौन शोषण का आरोप

एजेंसी
पाकिस्तान के मशहूर गायक और अभिनेता अली जफर एक बार फिर से यौन शोषण का आरोप झेल रहे हैं। अब उन पर पाकिस्तान की मशहूर मेकअप आर्टिस्ट और ऐक्टिविस्ट लीना घानी ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। लीना से पहले अली जफर पर पाकिस्तान की मशहूर गायिका और अभिनेत्री मीशा शफी ने भी यौन शोषण का आरोप लगाया था।

अभिनेता के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाते हुए लीना घानी ने पाकिस्तान के सिंध हाई कोर्ट में मामला दर्ज करवाया है। साथ ही उन्होंने अली जफर से 500 मिलियन रुपये के हर्जाने की मांग की है। लीना घानी ने उनके खिलाफ दर्ज मामले की शिकायत को सोशल मीडिया पर भी साझा किया है। साथ ही मामले की जानकारी भी दी है। लीना घानी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, श्कई सालों तक अली जफर के निजी और कानूनी हमलों के बाद मैंने अपने लिए खड़े होने और लड़ने का फैसला लिया है। करोड़ों महिलाओं की तरह पाकिस्तान मेरा घर है। जब हम अपने ही देश में यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं तब क्या हमारा शोषण किया जाना, हमारी छवि खराब किया जाना और झूठा बताया जाना ठीक है? उनका यह ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई सोशल मीडिया यूजर्स और अली जफर के फैंस ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गौरतलब है कि नवंबर साल 2018 में अली जफर ने फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी में लीना घानी, मीशा शफी, फरिहा अयूब, इफत ओमर, हसीमुज जमान खान, महान जाविद, अली गुल, हुमना रजा और सैयद फैजान रजा के खिलाफ साइबर क्राइम विंग में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद तब मीशा शफी ने अली जफर के खिलाफ कई बार यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं मीशा शफी ने उनपर दो अरब रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मीशा ने उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए 1 बिलियन रुपए और मानसिक यातना और पीड़ा के लिए 1 बिलियन रुपए की मांग की है। मीशा ने अदालत



से अली जफर द्वारा उनके खिलाफ दिए गए बयानों को झूठा, दुर्भावनापूर्ण, मानहानि करने वाला और उनकी प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने वाला घोषित करने के लिए भी कहा था।

आपको बता दें कि अली जफर पाकिस्तान के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत फिल्म तेरे बिन लादेन से की थी। इसके बाद वह मेरे ब्रदर की दुल्हन, लंदन पेरिस, न्यूयॉर्क, टोटल सियाप्पा और डियर जिंदगी में नजर आए थे। उन्होंने बॉलीवुड की कई फिल्मों के लिए गाने भी आए हैं।

# ऋतिक और दीपिका पादुकोण की फाइटर का एक्शन ही नहीं बजट भी उड़ाएगा होश

एजेंसी
बॉलीवुड के दो खूबसूरत और काबिल एक्टर्स ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ दिखेंगे, वो भी एक एक्शन फिल्म में तो बजट तो मेगा होगा ही। जी हां, सूत्रों के हवाले से जो खबरें आ रही हैं, उनके मुताबिक फाइटर बॉलीवुड की सबसे महंगी एक्शन फिल्मों में शामिल होगी। ऋतिक रोशन ने 10 जनवरी को अपने जन्मदिन पर फाइटर का एलान किया था। उन्होंने इसका मोशन पोस्टर भी शेयर किया था, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट भी बतायी गयी थी। फाइटर अगले साल 30 सितम्बर को सिनेमाघरों में आएगी। फाइटर में पहली बार दीपिका पादुकोण ऋतिक के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी। फिल्म को लेकर ट्रेड सर्किट में काफी उत्सुकता है और इसको लेकर चर्चाओं के दौर चल रहे हैं। अप पिंक विला की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फाइटर एक धमाकेदार एक्शन फिल्म होगी, जिसमें कई हैरतअंगेज दृश्य दर्शकों को देखने को मिलेंगे। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इसे 250 करोड़ के बजट में बनाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद



कर रहे हैं, जो ऋतिक के साथ 2014 में बैंग बैंग और 2019 में वॉर बना चुके हैं। ये दोनों ही फिल्में एक्शन से लबरेज हैं। बैंग बैंग हॉलीवुड फिल्म नाइट एंड डे का रीमेक थी। ऋतिक के साथ कटरीना कैफ फीमेल लीड थीं। बैंग बैंग ने लगभग 180 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। वहीं, वॉर में ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ पैरेलल लीड में थे। फिल्म में कई हाई ओक्टेन एक्शन दृश्य थे। इस फिल्म ने 300 करोड़ से अधिक नेट कलेक्शन किया था। इन दोनों फिल्मों के आधार पर माना जा रहा है कि ऋतिक के साथ तीसरी बार एक्शन फिल्म कर रहे सिद्धार्थ आनंद फाइटर को अलग ही स्केल पर लेकर जाएंगे। ऋतिक फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किदार में दिखेंगे, जो वो करियर में पहली बार निभा रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट में हैरतअंगेज एक्शन दृश्यों के साथ राष्ट्रवाद की भावनाओं का जबरदस्त तड़का होगा। ऋतिक इसके अलावा अपने होम प्रोडक्शन की फिल्म कृष 4 की तैयारी भी कर रहे हैं।

# रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर शुरू हुआ 'तांडव'

एजेंसी
निर्माता–निर्देशक अली अब्बास जफर की बहुचर्चित वेब सीरीज तांडव ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो




गई है। मल्टीस्टारर इस वेब सीरीज में सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया, जिशान अय्युब, सुनील ग्रोवर, डीनो मोरिया और गौहर खान सहित कई दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। नौ एपिसोड की इस वेब सीरीज को देखने के बाद दर्शकों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर वेब सीरीज तांडव को लेकर मिली–जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसे में हम आपको सोशल मीडिया रिएक्शन्स से रूबरू करवाते हैं। Joy Samuel Carie नाम के यूजर ने तांडव में सैफ अली खान की तारीफ करते हुए ट्विटर पर लिखा, शानदार, सैफ अली खान ने समर के किरदार के साथ पूरा न्याय किया। जोकि कोई दूसरी एक्टर नहीं कर सकता था। Gautam Singh Rajput नाम के यूजर लिखते हैं, तांडव की कहानी हाल ही के राजनीतिक घटनाक्रम से प्रेरित है। मुझे पता है यह वेब सीरीज ढेर सारी आलोचना और विवादों से होकर गुजरेगी। लेकिन यह वेब सीरीज आपके समय के लिए लायक है। Mohineet Kumar ने लिखा, तांडव का पहला एपिसोड देखने के बाद यह कह सकता हूं कि यह बहुत सारे विवाद करने वाली है।

Somrita Ghosh वेब सीरीज को लेकर ट्विटर पर लिखती है, श्दो एपिसोड देखने के बाद ज्यादा प्रभावित नहीं ली। यह पकड़ नहीं पा रही है। Abhishek kumar yadav ने लिखा, एक और विवादित सीरीज। इनके अलावा और भी कई सोशल मीडिया यूजर्स तांडव वेब सीरीज को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आपको बता दें कि अमेजन प्राइम की सीरीज तांडव का निर्देशन बॉलीवुड के हिट निर्देशक अली अब्बास जफर ने किया है, जो सुल्तान, टाइगर जिंदा है और भारत जैसी मेगा बजट और सफल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। तांडव के साथ अली अब्बास जफर ने अपनी डिजिटल पारी शुरू की है। इस सीरीज की स्टार कास्ट भी किसी मेगा बजट फिल्म से कम नहीं है। सैफ अली खान सीरीज में एक शातिर पॉलिटिशियन के रोल में दिख रहे हैं। वहीं, डिम्पल कपाड़िया भी राजनेता के किरदार में अपना दमखम दिखा रही हैं। डिम्पल का भी यह डिजिटल डेब्यू है। वेब सीरीज में सैफ और डिम्पल सीरीज में आमने–सामने होंगे। हालांकि, फिल्म कॉकटेल में दोनों मां–बेटे के रोल में दिख चुके हैं।

# जिया खान मामले की डाक्यूमेंट्री देख भड़के लोग, फिर उठी सूरज पंचोली को गिरफ्तार करने की मांग

बॉलीवुड अभिनेत्री जिया खान अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनका शव 3 जून साल 2013 को उनके घर में मिला था। जिया खान की मौत को उनकी मां ने हत्या बताया था और बॉलीवुड अभिनेता सूरज पंचोली पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। अब एक बार फिर से जिया खान की मौत का मामला चर्चा में है। जिसकी वजह से सूरज पंचोली को फिर से लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है। दरअसल जिया खान की मौत के मामले पर बीबीसी ने डेथ इन बॉलीवुड नाम से एक डॉक्यूमेंट्री बनाई है। इस डॉक्यूमेंट्री में दिवगंत अभिनेत्री की मां राबिया खान के साथ मामले के आरोपी रहे सूरज पंचोली के पिता आदित्य पंचोली का भी पक्ष दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के दूसरे एपिसोड में सूरज पंचोली भी नजर आ रहे हैं, जिसमें वह बार–बार खुद को निर्दोष बता रहे हैं। जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर लोगों का उनपर गुस्सा फूट गया है। जिया खान के मामले में खुद को निर्दोष बताने पर कई सोशल मीडिया यूजर्स सूरज पंचोली की जमकर आलोचना कर रहे हैं। इतना ही नहीं कई यूजर्स ने तो #ArrestSurajPancholiNow के साथ उनकी गिरफ्तारी तक की मांग कर दी है। Bina007 नाम की यूजर ने ट्विटर पर लिखा, मैं पूरी तरह से हैरान हूं कि सूरज पंचोली और आदित्य पंचोली डेथ इन बॉलीवुड के लिए इंटरव्यू देने के लिए राजी हो गए क्योंकि वह इससे अच्छी तरह से बाहर नहीं आते हैं। यूजर ने लिखा, सूरज पंचोली ने जिया पर थोड़ी भी दया नहीं की। Reena नाम की यूजर ने अपने ट्वीट में लिखा, शायद जिया को अपने गर्भपात होने का खुलासा करना था। सूरज की फिल्म आने वाली थी। वह बुरे दिखते।

जिया चुप रहीं। इनके अलावा और भी कई सोशल मीडिया यूजर्स ने डॉक्यूमेंट्री डेथ इन बॉलीवुड को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है और सूरज पंचोली की आलोचना की है। हाल ही में रिलीज की गयी इस डॉक्यूमेंट्री डेथ इन बॉलीवुड में घटना से संबंधित कई पहलुओं को शामिल किया है। डेथ इन बॉलीवुड के पहले एपिसोड में जिया खान द्वारा 6 पेज का हाथ से लिखा सुसाइड नोट के साथ सूरज पंजोली की गिरफ्तारी को भी दिखाया गया है।



# कंगना रनोट रानी लक्ष्मीबाई के बाद बनेंगी कश्मीर की वारियर क्वीन

एजेंसी
मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कंगना रनोट ने अपनी मणिकर्णिका फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म का एलान किया है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बाद कंगना इस बार कश्मीर की एक रानी पर फिल्म मणिकर्णिका रिटर्न्स– द लीजेंड ऑफ दिद्दा की कहानी लेकर आ रही हैं। कंगना ने फिल्म का एलान ट्विटर के जरिए किया। इस फिल्म के लिए कंगना ने निर्माता कमल जैन से हाथ मिलाया है, जिनके साथ उन्हें मणिकर्णिका– क्वीन ऑफ झांसी बनायी थी। कंगना ने ट्वीट किया– हमारा भारतवर्ष साक्षी रहा है झांसी की रानी जैसी ई वीरांगनाओं की कहानी का। ऐसी ही एक और अनकही वीरगाथा कश्मीर की एक रानी की, जिसने महमूद गजनवी को एक नहीं, दो बार हराया। लेकर आ रहे हैं कमल जैन और मैं– मणिकर्णिका रिटर्न्स– द लीजेंड ऑफ दिद्दा। दिद्दा को वॉरियर क्वीन कहा जाता है, जिन्होंने विषमताओं के बावजूद अविभाजित कश्मीर पर लगभग 40 साल शासन किया था। रानी के साम्राज्य में लोहारा राज्य भी शामिल था। कंगना फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू करेंगी। तब तक वो अपने मौजूदा प्रोजेक्ट पूरे कर लेंगी। फिलहाल कंगना रजनीश घई की फिल्म धाकड़ और सर्वेश मेवाड़ी की तेजस की शूटिंग कर रही हैं। एएल विजय निर्देशित फिल्म थलाइवी की शूटिंग वो पूरी कर चुकी हैं, जो तमिलनाडु की कद्दावर नेता और अभिनेत्री जे जयललिता की बायोपिक फिल्म है। 2019 में आयी मणिकर्णिका में कंगना ने झांसी की रानी की मुख्य भूमिका निभाने के साथ बतौर निर्देशक भी कृष के साथ क्रेडिट शेयर किया था। इस फिल्म की कामयाबी को लेकर कंगना कहती रही हैं कि बॉलीवुड माफिया उनकी इस फिल्म को नीचा दिखाने की कोशिश करता रहा है। कंगना की बहन और मैनेजर रंगोली चंदेल ने दावा किया था कि फिल्म ने भारत में 102 करोड़ और ओवरसीज में 53 करोड़ का कलेक्शन किया था, जबकि इसका बजट 75 करोड़ ही था।



हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः
आसिया जैदी
मो0– 9838040912
e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com
RNI No -
UPHIN/2015/63817
समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।